सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० टाइम्स ऑफ इण्डिया, लखनऊ..... दिनांक ....03 JUN 2024

# Three-tier security in place for counting in UP tomorrow

## Process To Take Place Under CCTV Vigil

Times News Network



Sanjay Gupta

**THE ACTION BEGINS HERE** A security personnel stands guard at a counting venue at Pahadiya Mandi in Varanasi on Sunday

**Lucknow:** The counting of votes for Lok Sabha elections will begin at 8am on Tuesday. In UP, counting will take place for 80 LS seats and four assembly bypoll seats at 81 centres in 75 districts. Postal ballot votes will also be counted on the same day.

A total of 851 candidates, including 771 men and 80 women, are in the fray in Uttar Pradesh. The highest number of 28 candidates are in Ghosi Lok Sabha constituency and the lowest (4) are in Kaiserganj.

UP chief electoral officer Navdeep Rinwa said, "Counting of votes will be conducted at two centres each in Agra, Meerut, Azamgarh, Deoria, Sitapur, and Kushinagar districts, while counting of votes for eight Lok Sabha constituencies will be done in three districts, for 37 Lok Sabha constituencies in two districts, while for 35 Lok Sabha constituencies in one district." Due to additional polling stations (1,127) in the Sahibabad Assembly constituency in Ghaziabad Lok Sabha constituency, the counting of votes will be completed in maximum 41 rounds.

"Adequate number of central paramilitary forces have been deployed to ensure smooth vote counting. There will be three-tier security at the counting centres — including local, state, and CAPF police forces," he said.

Postal ballot counting will take place at the counting centre of the RO Headquarters district. Votes will be counted assembly constituency-wise. EC has deployed 179 observers for counting of votes: 15 observers in one assembly constituency each, 104 observers in 2 assembly constituencies each, and 60 in 3 assembly constituencies each.

Counting of votes for 80 Lok Sabha constituencies will be conducted by 80 Returning Officers and 1581 Assistant Returning Officers.

Counting of votes for Dadraul, Lucknow East, Gainsari, and Duddhi assembly byelections will be conducted by four Returning Officers and 26 Assistant Returning Officers. All counting and sealing proceedings will be conducted under CCTV surveillance.

A blackboard/whiteboard will be arranged at each counting hall, and the names of the candidates and round-wise results will be written so that all the counting agents can see them.

A public address system has also been arranged in each assembly constituency and Lok Sabha constituency.

Candidates can appoint a person above 18 as a counting agent.

Union and state ministers, MPs, MLAs, mayors, and presidents of municipal council/nagar panchayat are prohibited from being appointed as counting agents. There is also a ban on appointing persons receiving security from the central/state govts as counting agents.

However, there is no restriction on appointing gram pradhan, sarpanch, panchayat members, councillors, residents of the constituency, as counting agents. Non-resident Indians can also be appointed as counting agents.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान टाइम्स, लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

{ 2024 LOK SABHA POLLS }

# Counting to begin at 8 am at 81 centres in U.P. tomorrow

Three-tier security arrangements put in place, says state CEO Navdeep Rinwa

HT Correspondent
lkoreportersdesk@hindustantimes.com



Counting preparations are in full swing at Ramabai where the EVM's machines are kept in Lucknow on June 2. DEEPAK GUPTA/HINDUSTAN TIMES

**LUCKNOW:** The counting of votes for the Lok Sabha 2024 will start on June 4 at 8.00 am at 81 counting centres in all 75 districts of the state amid tight three-tier security arrangements.

Votes will be counted at two centres each in Agra, Meerut, Azamgarh, Deoria, Sitapur, and Kushinagar districts. The votes of 8 Lok Sabha constituencies will be counted in three districts, of 37 constituencies in two districts and of 35 constituencies in one district.

State chief electoral officer (CEO) Navdeep Rinwa shared this information at a press conference here on Sunday. Postal ballots, he said, would be counted at the returning officer's (RO) headquarters.

"Votes will be counted assembly constituency-wise. After that, the result of the Lok Sabha constituency will be declared by adding the results of the assembly constituencies included in the Lok Sabha constituency. Due to the larger number of polling stations (1,127) in Sahibabad assembly constituencies included in Ghaziabad Lok Sabha constituency, the counting of votes will be completed in a maximum of 41 rounds," he added.

The CEO said the Election Commission of India had deployed 179 observers to count votes. As many as 15 observers have been allotted one assembly constituency each, 104 observers have been allotted two assembly constituencies each and 60 observers have been allotted three assembly constituencies each.

Counting of votes for 80 Lok Sabha constituencies of the state will be conducted by 80 returning officers and 1,581 assistant returning officers.

Rinwa said instructions had also been issued to all the district election officers to make adequate arrangements for clean and cold drinking water and toilets for the candidates, their agents, counting personnel and other employees.

"Adequate ORS/medical kits and a medical team will also be available at the counting venue for protection against heat waves. Instructions have also been given to make arrangements for fans at the sitting places of the candidates, their agents, counting personnel and other employees," he said.

A total 851 candidates are in the fray in the Lok Sabha polls 2024 in the state. Maximum 28 candidates are in the Ghosi Lok Sabha constituency and the lowest 4 in the Kaiserganj Lok Sabha constituency.

He said adequate central paramilitary Forces had also been deployed to ensure smooth counting of votes. The candidate or their election agent shall apply to the returning officer on form 18 for the appointment of a counting agent by 5.00 pm, three days before the commencement of counting.

There are no eligibility criteria for appointing a counting agent. Candidates can appoint a person above 18 as a counting agent. There is a ban on appointing members of the council of ministers of the central/state governments, MPs, MLAs, mayor, chairperson of municipal council/nagar panchayat as counting agents. There is a ban on appointing persons provided security by the central/state governments as counting agents. There is no ban on appointing gram pradhan, sarpanch, panchayat members, council members etc as counting agents who are residents of the constituency. Non-resident Indians can also be appointed as counting agents.

According to Rinwa, the Election Commission of India has approved additional rooms for counting postal ballots in all LS seats. For counting postal ballots, postal ballot votes received at home voting and voter facilitation centres will start at 8.00 am and scanning of electronically transmitted postal ballot system received from service voters will also start at 8.00 am.

"After scanning, ETPBS votes will be counted on tables. For scanning/pre-counting of ETPBS, 871 tables will be set up and postal ballot votes will be counted on 794 tables," he said. He said a three-tier security system had been implemented to secure the counting venue.

The 1st level of security will be at a radius of 100 metres from the counting venue where the regional police force will be deployed. The 2nd level of protection will be at the gate of the counting venue where the state police force will be deployed. The 3rd level of security will be for the counting hall, which will be under the supervision of the Central Armed Police Forces.



State chief electoral officer Navdeep Rinwa HT

## TRANSGENDER VOTERS' TURNOUT UP BY 7.76% IN THIS ELECTION

**LUCKNOW:** There was an increase of 7.76 % in the turnout of third-gender voters in Uttar Pradesh in 2024 vis-a-vis the male and female voter turnout that dipped by 2.08% and 2.73%, respectively compared to 2019 Lok Sabha polls. In absolute terms, more than 15 lakh additional voters exercised their franchise this time compared to 2019. Of them 2.42 lakh were male voters, 12.97 lakh female voters and 463 transgender voters.

"The voter turnout of transgender voters was recorded to be 12.22% vis-a-vis 4.46% in 2019, there being an increase of 7.76% this time," state chief electoral officer Navdeep Rinwa said.

The total number of male voters in the state rose by around 32.53 lakh and that of female voters by around 50 lakh whereas the number of transgender voters dipped by 1147 compared to previous election cycle. He said that total voter turnout this time in UP was 56.92%. HTC

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# All set for counting of votes in UP

PIONEER NEWS SERVICE ■ LUCKNOW

The stage is set for the June 4 counting of votes polled in the Lok Sabha elections in Uttar Pradesh, with authorities deploying 179 observers, 80 returning officers, and making multi-layer security arrangements at 81 centres set up across the state.

Uttar Pradesh Chief Electoral Officer Navdeep Rinwa said here on Sunday that the counting of votes for Lok Sabha general election-2024 would commence from 8 am on June 4 in 81 counting centres in 75 districts of the state. The counting and sealing proceedings will be conducted under CCTV surveillance.

Counting of votes will take place at two centres each in Agra, Meerut, Azamgarh, Deoria, Sitapur, Kushinagar districts. Counting of votes of eight Lok Sabha constituencies will take place in three districts, counting of votes of 37 Lok Sabha constituencies will take place in two districts and counting of votes of 35 Lok Sabha constituencies will take place in one district.

The CEO said that the counting of postal ballots will take place at the counting venue of returning officer/district headquarters of the district. The votes will be counted assembly constituency wise. Thereafter, the result of the Lok Sabha constituency will be declared by adding up the results of the assembly constituencies.

The counting of votes in Ghaziabad Lok Sabha constituency and Sahibabad assembly constituency will be completed within 41 rounds and they have a maximum number of 1,127 polling booths.

According to Navdeep Rinwa, the Election Commission of India has deployed 179 observers for counting of votes. Fifteen observers will be deployed in one assembly constituency, 104 observers will be deployed in two assembly constituencies and 60 in three assembly constituencies.

The counting of votes in 80 Lok Sabha constituencies will be supervised by 80 returning officers and 1,581 assistant returning officers. Counting of votes in assembly seats where bypoll was held will be supervised by the returning officer and assistant returning officer under the watchful eyes of the CCTV.

A total of 851 candidates are in the fray in the Lok Sabha general elections 2024, out of which 771 are men and 80 are women. Maximum 28 candidates are in Ghosi Lok Sabha constituency and least four candidates are in Kaiserganj Lok Sabha constituency.

Adequate deployment of central paramilitary forces has also been done to ensure safe counting of votes.

The CEO said for appointment as polling agent, the candidate or his election agent has to apply to the returning officer on Form-18 three days before the date of commencement of counting of votes. There is no prescribed qualification for appointing a counting agent. Candidates above 18 years of age can be made counting agents.The Election Commission of India has prohibited the appointment of members of the council of ministers, MPs, MLAs, mayor, chairperson of municipal council/nagar panchayat as counting agents. There is a ban on appointing persons protected by the central/state government as counting agents

However, there is no restriction on appointing village heads, sarpanch, panchayat members, councillors etc. as counting agents, who are residents of the constituency. Non-resident Indians (NRIs) can also be made counting agents.

For security at the counting centres, a three-tier security system has been put in place to protect the counting venue. The first level of security will be at a radius of 100 metres from the counting site, where the state police force will be deployed. The second level of security will be at the gate of the counting venue, where the state police force will be deployed. The third level of security will be for the counting hall which will be under the supervision of the Central Armed Police Forces (CAPFs).

The chief electoral officer said district election officers had been instructed to lay special emphasis on the dos and don'ts for counting personnel in view of the heatwave conditions. The counting personnel should use light cotton clothes and wear a cap, or carry an umbrella or cotton towel or any other cloth to cover the head, he advised.

They should keep a water bottle, drink lemonade or ORS to keep themselves hydrated, he said.Instructions have also been given to ensure fans, coolers and sitting arrangements for candidates, their agents, counting personnel and other employees.

# Final figures: UP records 56.92% voter turnout

## Women Voter Turnout More Than Men

TIMES NEWS NETWORK



Sanjay Gupta

**TRACKING THE TURNOUT** People standng in queue outside a polling booth before casting their vote in Varanasi on June 1

**Lucknow:** Uttar Pradesh recorded 56.92% voting in the total seven phases of 2024 Lok Sabha elections which culminated on Saturday. However, the voter turnout was 2.19% less in comparison to the 2019 turnout which was 59.11%.

Out of the 15,41,03,670 electorates in the state, 8,77,23,028 exercised their right to adult franchise including 4,64,84,215 men and 4,12,38,003 women.

UP chief electoral officer (CEO) Navdeep Rinwa said, "The total polling percentage for the state was 56.92%. However, women voter turnout was more than men. In fact, the third gender, too, saw a significant increase in voter participation."

The Women voter turnout was 57.24% in comparison to 56.65% men. The polling percentage for men also saw a drop by 2.08% in the 2024 Lok Sabha polls as compared to that in 2019 (58.73%). Similar trend was for women as well, which registered a decline of 2.73% this year as compared to 59.97% in 2019.

Polling percentage of persons of the third gender was 12.22% as compared to 4.46% in the 2019 Lok Sabha elections.

In this election, 810 persons of the third gender cast their votes in the state, compared to 347 in 2019.

The officials also highlighted that the number of women who voted in this Lok Sabha elections was 12.97 lakh more than that of 2019, and for men, it was more than 2.04 lakh. Like the 2024 polls, the 2019 elections were also held in seven phases.

In the first phase in 2024 on April 19, Uttar Pradesh recorded a voter turnout of 61.11%, followed by 55.19% in 2nd phase (Apr 26), 57.55% in 3rd phase (May 7), 58.22% in 4th phase (May 13), 58.02% in 5th phase (May 20), 54.04% in 6th phase (May 25) and 55.85% in the last and 7th phase on June 1.

Votes will be counted on June 4 for the 80 parliamentary constituencies in Uttar Pradesh.

ALL EYES ON TOMORROW

# All set for counting: 81 centres, multi-layer securit

ENS & PTI
LUCKNOW, JUNE 2

THE STAGE is set for the June 4 counting of votes polled in the 80 Lok Sabha constituencies of Uttar Pradesh, with authorities deploying 179 observers, 80 Returning Officers, and making multi-layer security arrangements at 81 centres set up across the state.

Uttar Pradesh Chief Electoral Officer (CEO) Navdeep Rinwa said the counting will start at 8.00 am on Tuesday. The counting and sealing proceedings will be conducted under CCTV surveillance.

A total of 851 candidates — 771 men and 80 women — were in the fray in the elections in Uttar Pradesh, with the maximum 28 in the Ghosi Lok Sabha constituency and the minimum four in Kaiserganj.

DECISION 2024

A total of 179 observers have been deployed. There are 80 Returning Officers and 1581 Assistant Returning Officers for the counting process.

Fifteen of the observers have been allotted one assembly constituency each, 104 have been given the responsibility of two assembly constituencies each and the rest 60 have been allotted three Assembly segments each.

Two counting centres have been set up each in Agra, Meerut, Azamgarh, Deoria, Sitapur and Kushinagar districts.

The Sahibabad Assembly segment in the Ghaziabad Lok Sabha constituency has had a maximum of 1,127 polling stations, and the counting of votes polled there be completed in maximum 41 rounds, he said.

Votes will counted for Assembly bypolls in Lucknow East, Dadraul (in Shahjahanpur), Gainsari (in Balrampur) and Duddhi (ST-reserved) Assembly seat in Sonbhadra district.

The counting of votes for Assembly bypolls will be conducted by four Returning Officers and 26 Assistant Returning Officers. All counting and sealing proceedings will be conducted under CCTV surveillance.

A three-tier security system, complete with paramilitary forces, has been deployed to ensure smooth conduct of counting. The first layer of security will be at a radius of 100 metres from the counting venue, where the local police force will be deployed. The second layer will be at the gate of the counting venue, where the state police force will be deployed. The third layer will be for the counting hall which will be under the supervision of Central Armed Police Forces.



Polling officials submit EVMs in Varanasi, after the last phase of elections, Saturday. PTI

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० इंडियन एक्सप्रेस लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# How to be heatwave safe? EC lists dos and don'ts for counting day

**EXPRESS NEWS SERVICE**
LUCKNOW, JUNE 2

WITH THE death of as many as 33 people during poll duty reportedly from heatstroke during the last phase of the Lok Sabha election in Uttar Pradesh, the Election Commission (EC) on Sunday issued a set of guidelines of "dos and don'ts" that need to followed by the counting officials amid the intense heatwave sweeping the state.

The EC has also laid emphasis on special arrangements that would be made at the counting centres for poll personnel.

Uttar Pradesh Chief Electoral Officer (CEO) Navdeep Rinwa said District Election Officers have been instructed to give special emphasis on the heat advisory so that counting personnel do not face problems.

"Counting officials have been advised to wear light cotton cloths and cover their heads with a cotton towel or cap. Instructions have been given to the District Election Officers to make arrangements for adequate ORS (oral rehydration solution) sachets and medical kits at the counting centers. Medical teams will also be deployed to give immediate medical attention to the counting officials," the CEO said.

Meanwhile, instructions have also been sent to make arrangements for fans, coolers and mist fans at the seating areas of candidates, their agents, counting personnel as well as other employees during counting.

On Saturday, the last phase of voting in the 13 Lok Sabha seats in east UP, Rinwa had said 33 personnel deployed in poll duty died. They included Home Guards, sanitation workers, and others.

"While the data of deaths during other phases has not yet been compiled, the majority of deaths have been reported in the last phase. A proper report on deaths is yet to come from District Magistrates of all the districts concerned. It will have post-mortem reports and other required documents," said the CEO.

# Amid heatwave, EC's dos and don'ts for counting day

EXPRESS NEWS SERVICE
LUCKNOW, JUNE 2

The Election Commission (EC) on Sunday issued a set of guidelines of "dos and don'ts" that need to followed by the counting officials amid the intense heatwave sweeping the state.

The poll panel has also laid emphasis on special arrangements that would be made at the counting centres for poll personnel.

Uttar Pradesh Chief Electoral Officer (CEO) Navdeep Rinwa said District Election Officers have been instructed to give special emphasis on the heat advisory so that counting personnel do not face problems.

"Counting officials have been advised to wear light cotton cloths and cover their heads with a cotton towel or cap. Instructions have been given to the District Election Officers to make arrangements for adequate ORS (oral rehydration solution) sachets and medical kits at the counting centers. Medical teams will also be deployed to give immediate medical attention to the counting officials," the CEO said.

Meanwhile, instructions have also been sent to make arrangements for fans, coolers and mist fans at the seating areas of candidates, their agents, counting personnel as well as other employees during counting.

## 2.19 percentage point drop in voter turnout

The EC Sunday said the voter turnout after seven phases of polling in Uttar Pradesh was 56.09 per cent, a drop of 2.19 percentage points from the 2019 turnout of 59.11 per cent.

# 2.19%-pt drop in turnout, more among women

**EXPRESS NEWS SERVICE**
LUCKNOW, JUNE 2

THE ELECTION Commission (EC) on Sunday said the voter turnout after seven phases of polling in UP was 56.09 per cent, a drop of 2.19 percentage points from the 2019 Lok Sabha election turnout of 59.11 per cent.

UP Chief Electoral Officer Navdeep Rinwa said that in this election, voting percentage dropped by about 2.08 percentage points among male voters (56.65%), while the drop among female voters (57.24%) was 2.73 percentage points.

He highlighted that the number of women who voted in this Lok Sabha elections was 12.97 lakh more than that of 2019; for men, it was more than 2.04 lakh.

However, the turnout figures among the third gender saw a major jump as compared to 2019. "In this election, about 12.33 per cent of people under the third gender category cast their vote — recording a jump of almost 7.76 percentage points from the 2019 figure of 4.46 per cent. This at a time when the number of third gender saw a decrease of about 1,100 voters as compared to 2019," Rinwa added.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

### प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर मंगलवार को होगी मतगणना, नतीजे results.eci.gov.in पर देखे जा सकेंगे

# कानपुर का नतीजा पहले, गाजियाबाद अंत में

**तैयारी**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के सभी सातों चरणों के मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद अब मंगलवार चार जून को होने वाली मतगणना और नतीजों की घोषणा की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी और पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज मतों की भी गिनती शुरू कर दी जाएगी। कानपुर लोकसभा के नतीजे सबसे पहले और गाजियाबाद के सबसे बाद में आने का अनुमान है।

यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार की शाम को अपने कार्यालय में बुलाई गई प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार चार जून को सुबह आठ बजे के बाद से सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देश भर में चल रही मतगणना के रुझान और चुनाव नतीजे results.eci.gov.in पर देखे जा सकेंगे।




यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को प्रेसवार्ता कर प्रदेश में मंगलवार को होने जा रही लोकसभा चुनाव की मतगणना की जानकारी दी।

**ये मतगणना एजेंट नहीं बन सकते**

केन्द्र-राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष को काउंटिंग एजेंट बनाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र-राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने पर प्रतिबंध है।

**कानपुर से नतीजे सबसे जल्द, गाजियाबाद के सबसे बाद में:** गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 3092 पोलिंग बूथ और सबसे कम 1607 पोलिंग बूथ कानपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं। गाजियाबाद साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 पोलिंग बूथ होने के कारण यहां सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना होगी। इसलिए गाजियाबाद लोकसभा सीट का नतीजा सबसे बाद में और कानपुर लोकसभा सीट का नतीजा सबसे पहले आने का अनुमान है क्योंकि यहां सबसे कम पोलिंग बूथ हैं और उम्मीद है कि यहां सिर्फ 25 राउण्ड की मतगणना होगी।

नवदीप निणवा ने बताया कि मतगणना प्रदेश के 75 जिलों में, 81 केन्द्रों पर होगी। आगरा, मेरठ, आजमगढ, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जिले में मतगणना दो-दो केन्द्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में तथा 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना जिला मुख्यालय के मतगणना स्थल में होगी।

चुनाव आयोग द्वारा मतगणना के लिए 179 प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र तथा 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफिसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न कराई जायेगी।

**सबसे अधिक 28 उम्मीदवार घोसी सीट पर :** प्रदेश में कुल 851 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें 771 पुरुष एवं 80 महिला है। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज में हैं।

## पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष का अनुमोदन चुनाव आयोग द्वारा प्रदान किया गया है। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए होम वोटिंग एवं वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर प्राप्त पोस्टल बैलेट मतों की गणना सुबह आठ बजे प्रारम्भ होगी तथा सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस की स्कैनिंग भी सुबह आठ बजे से प्रारम्भ की जाएगी। स्कैनिंग के उपरान्त ईटीपीबीएस मतों की गणना की जाएगी। ईटीपीबीएस की स्कैनिंग-प्री काउंटिंग के लिए 871 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की मतों की गणना 794 टेबल पर की जाएगी।

## 2019 के मुकाबले यूपी में 12 लाख ज्यादा महिलाओं ने किया मतदान

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में इस बार पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने मतदान में ज्यादा उत्साह दिखाया। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार प्रदेश में 12 लाख 97 हजार 638 ज्यादा महिला वोटरों ने मतदान किया जबकि 2019 के मुकाबले इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर 2 लाख 4 हजार 224 अधिक पुरुषों ने मतदान किया। थर्ड जेण्डर मतदाताओं की बात करें तो पिछले चुनाव के मुकाबले 463 ज्यादा वोटरों ने मतदान किया। इस तरह से प्रदेश में 2019 के मुकाबले इस बार 15 लाख 2 हजार 385 ज्यादा वोटरों ने मतदान किया। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेसवार्ता में दी।

### 2.19% कम हुआ मतदान

उत्तर प्रदेश में इस बार के लोकसभा चुनाव में 2019 के मुकाबले 2.19 प्रतिशत कम मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार प्रदेश में इस बार सातों चरणों में कुल मिला कर 56.92 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 के चुनाव में यहां 59.11 प्रतिशत वोट पड़े थे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# सीसी कैमरों की निगरानी में कल सुबह आठ बजे से मतगणना

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद अब निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारी में जुट गया है। प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी, दोपहर बाद से स्पष्ट रुझान और शाम तक परिणाम आने शुरू हो जाएंगे।

पोलिंग बूथ की संख्या के आधार पर कानपुर का परिणाम सबसे पहले और गाजियाबाद का सबसे आखिर में आने की उम्मीद है। मतगणना के लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों में कुल 81 केंद्र बनाए गए हैं। 80 लोकसभा सीटों के लिए कुल 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनमें 771 पुरुष और 80 महिलाएं हैं। सर्वाधिक 28 प्रत्याशी घोसी और सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्रों में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतगणना के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पहले स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से सौ मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी और तीसरे स्तर की सुरक्षा मतगणना हाल की होगी, जिसकी निगरानी केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान करेंगे। मतगणना एवं सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा जनपथ स्थित विकास भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते • जागरण

- त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में 75 जिलों के 81 केंद्रों पर होगी मतगणना
- कानपुर का पहले व गाजियाबाद का परिणाम आखिरी में आने की उम्मीद

नवदीप रिणवा ने बताया कि मतगणना के लिए 179 प्रेक्षक तैनात हैं। 80 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए 80 रिटर्निंग अफसर और 1581 सहायक रिटर्निंग अफसरों की तैनाती की गई है। वहीं, ददरौल, लखनऊ पूर्व, गैंसड़ी और दुद्धी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र की गणना चार रिटर्निंग आफिसर और 26 सहायक रिटर्निंग आफिसर पूरी कराएंगे। मतों की गिनती विधानसभा क्षेत्रवार होगी और सभी विधानसभा के मतों का योग कर परिणाम जारी किए जाएंगे। वहीं, पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय के मतगणना स्थल पर होगी। पोस्टल बैलेट और सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस की स्कैनिंग सुबह आठ बजे से शुरू होगी। प्रत्येक मतगणना हाल में एक ब्लैक या व्हाइट बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें प्रत्याशी का नाम व चरणवार परिणाम लिखा जाएगा। मीडिया व आम लोग result.eci.gov.in पर जाकर रुझान व परिणाम की जानकारी ले सकते हैं।

**हर टेबल पर काउंटिंग एजेंट के बैठने की होगी व्यवस्था :** मतगणना हाल के प्रत्येक टेबल पर काउंटिंग एजेंट के बैठने की व्यवस्था होगी। टेबल पर कंट्रोल यूनिट (सीयू) आने के बाद मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा सीयू नंबर दिखाया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि सीयू उसी बूथ से संबंधित है। सीयू के साथ 17सी भाग-1 में उल्लेखित मतों को एजेंटों को बताया जाएगा। इसके बाद सीयू को आन कर प्रत्याशीवार मतगणना परिणाम 17सी भाग-2 पर अंकित किया जाएगा। किसी एजेंट द्वारा पुनः परिणाम दिखाए जाने के अनुरोध पर पर्यवेक्षक द्वारा पुनः परिणाम दिखाया जाएगा। 17सी भाग-2 पर मतगणना पर्यवेक्षक एवं काउंटिंग एजेंट के हस्ताक्षर के बाद एक प्रति फीडिंग के लिए ली जाएगी और दूसरी प्रति की छायाप्रति काउंटिंग एजेंट को दी जाएगी।

## अन्य बिंदु

- आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर और कुशीनगर जिले में मतगणना दो-दो केंद्रों पर होगी।
- आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों, 37 लोकसभ क्षेत्रों के मतों की गणना दो जिलों और 35 जिलों की गणना एक जिले में होगी।
- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदेय स्थल (1127) अधिक होने के कारण यहां सबसे अधिक 41 राउंड में गणना की जाएगी।

## हर विधानसभा क्षेत्र के पांच पोलिंग बूथ की वीवीपैट स्लिप की गणना

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभावार होने वाली गणना के तहत प्रत्येक विधानसभा के पांच मतदेय स्थल ड्रा आधार पर निकाले जाएंगे और उन पोलिंग बूथ के वीवीपैट स्लिप की गणना की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी बूथ से संबंधित कंट्रोल यूनिट (सीयू) का डिस्प्ले न दिखने से यदि सीयू से परिणाम नहीं निकलता तो ऐसी सभी ईवीएम की मतगणना के बाद उक्त बूथ के वीवीपैट स्लिप से गणना निकाली जाएगी। इसके अलावा यदि किसी बूथ की कंट्रोल यूनिट से माक पोल के मतों को नहीं हटाया गया है तो उक्त कंट्रोल यूनिट की मतगणना नहीं की जाएगी। पूरी मतगणना के उपरांत हार-जीत का अंतर यदि उक्त बूथ पर पड़े मतों से अधिक है, तो ऐसे में उस बूथ की गणना न कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। यदि अंतर उक्त बूथ में पड़े मतों से कम है तो माक पोल सर्टिफिकेट में उल्लेखित मतों को हटाकर वीवीपैट की स्लिप से मतगणना की जाएगी और उसी आधार पर परिणाम घोषित किया जाएगा।

यह और उप्र की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# यूपी में 81 केंद्रों पर होगी मतगणना : रिणवा

## निर्वाचन आयोग ने पुख्ता तैयारियां कीं, चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके लिए प्रदेश के 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। मतगणना स्थलों पर हर गतिविधि सीसीटीवी में कैद करने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोग ने लू (हीट वेव) से बचाव के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

रिणवा ने रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 8 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 3 जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 2 जिलों में और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 1 जिले में होगी। पोस्टल बैलेट की



मतगणना आरओ जिला मुख्यालय के मतगणना स्थल पर होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण वहां सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना होगी।

ददरौल (शाहजहांपुर), लखनऊ पूर्व (लखनऊ), गैंसड़ी (बलरामपुर) और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव की मतगणना के लिए भी 4 रिटर्निंग ऑफिसर और 26 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लगाए गए हैं। पूरी मतगणना और सीलिंग का काम सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी।

**हर लोकसभा सीट पर विधानसभा क्षेत्रवार होगी मतगणना**
**गाजियाबाद के साहिबाबाद में होंगे सबसे ज्यादा 41 राउंड**

### कुल 851 प्रत्याशी मैदान में

लोकसभा चुनाव में कुल 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 771 पुरुष और 80 महिला हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 4 प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। मतगणना ठीक से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों की तैनाती भी की गई है।

### अप्रवासी भारतीय भी हो सकते हैं काउंटिंग एजेंट

रिणवा ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को काउंटिंग एजेंट बनाया जा सकता है। केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष को काउंटिंग एजेंट बनाए जाने पर प्रतिबंध है। केंद्र व राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को काउंटिंग एजेंट बनाए जाने पर भी पाबंदी है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद को काउंटिंग एजेंट बनाए जाने पर पाबंदी नहीं है। अप्रवासी भारतीय को भी काउंटिंग एजेंट बनाया जा सकता है।

### पोस्टल बैलट के नहीं, ईवीएम के ही आएंगे शुरुआती रुझान

उन्होंने बताया कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष रहेगा। होम वोटिंग और वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर प्राप्त पोस्टल बैलेट मतों की गणना 8 बजे प्रारंभ होगी। सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजे गए डाक मतपत्र) की स्कैनिंग भी सुबह 8 बजे से ही शुरू होगी। पोस्टल बैलट की गिनती दोपहर 1-2 बजे तक पूरी हो पाएगी। प्रत्येक मतगणना हॉल में 1 ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें प्रत्याशियों के नाम व राउंडवार परिणाम लिखा जाएगा, ताकि सभी मतगणना एजेंट उसे देख सकें। results.eci.gov.in पर जाकर मतगणना के रुझान और परिणाम जान सकते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

# मतगणना की तैयारी पूरी, त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी गिनती

■ लखनऊ (एसएनबी)।



■ कल खुलेगा 851 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा

■ प्रातः आठ बजे से होगी 80 लोस व चार विस सीटों की मतगणना

■ दोपहर दो बजे के बाद ही आएंगे अधिकृत परिणाम

■ प्रदेश के 75 जिलों के 81 केन्द्रों पर होगी मतों की गिनती

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पूरी मतगणना त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सीसीटीवी कैमरों की देखरेख में करायी जाएगी। प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों के साथ ही चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना चार जून को प्रातः आठ बजे से करायी जाएगी। इसके लिए प्रदेश के 75 जिलों में 81 मतगणना केन्द्र बनाये गये हैं, जहां पर चुनाव मैदान में उतरे 851 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा खोला जाएगा। मतगणना के बाद अधिकृत रूप से चुनाव परिणाम दोपहर दो बजे के बाद आने की बात कही जा रही है।

उन्होंने बताया कि आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपद में मतगणना 2-2 केन्द्रों पर होगी। 8 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 3 जनपदों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 2 जनपदों में तथा 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 1 जनपद में होगी। पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय वाले जनपद के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर परिणाम घोषित किया जायेगा। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के लिए 179 प्रेक्षक तैनात किये गये हैं। 15 प्रेक्षक को 1-1 विधानसभा, 104 प्रेक्षक को 2-2 विधानसभा तथा 60 को 3-3 विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफीसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफीसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। ददरौल (शाहजहांपुर), लखनऊ पूर्व, गैंसड़ी (बलरामपुर) तथा दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव की मतगणना 4 रिटर्निंग अफसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग अफसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। समस्त मतगणना एवं सीलिंग की कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में की जायेगी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में कुल 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 771 पुरुष एवं 80 महिला हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 4 प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। सभी लोकसभा क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान किया गया है। सबसे आगे मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल, उसके बाद रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त दल तथा उसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी के एजेण्ट बैठेंगे। मतगणना के परिणाम की घोषणा के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 मतदेय स्थल ड्रा के आधार पर निकाले जाएंगे तथा उन 5 मतदेय स्थल के वीवीपैट स्लिप की गणना की जाएगी। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी जहां राज्य पुलिस बल तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हॉल के लिए होगी जो कि सीएपीएफ की निगरानी में होगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० अमर उजाला लखनऊ.... दिनांक ....03 JUN 2024....

# जितने मतदाता बढ़े, उस हिसाब से नहीं हुआ मतदान

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ, वोट डालने वालों की संख्या भी बढ़ी, लेकिन इसके बाद भी मतदान प्रतिशत नीचे ही रहा। इसका कारण यह रहा कि जिस अनुपात में मतदाता बढ़े उसके मुकाबले मतदान नहीं हुआ।

चुनाव आयोग की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 2019 में 145858557 मतदाता थे। वहीं 2024 में यह संख्या 8245113 बढ़कर 154103670 हो गई। वहीं 2019 के मुकाबले 2024 में 1502385 मतदाताओं ने

**यूपी में 2019 के मुकाबले 1502385 ज्यादा वोट पड़े, फिर भी गिरा मतदान प्रतिशत**

**2019 में 145858557 मतदाता थे, 2024 में संख्या बढ़कर 154103670 हो गई**

अधिक वोट किया। इसके बावजूद इस चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में 2.19 प्रतिशत कम वोट पड़े। यानि मतदाताओं की संख्या तो 8245113 बढ़ी, लेकिन पिछली बार के मुकाबले सिर्फ 1502385 अधिक मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 2019 में 86220643 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था, जबकि 2024 में 87723028 मतदाताओं ने वोट डाले।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये आंकड़े जारी किए। उन्होंने बताया कि 2019 के मुकाबले 2024 में ट्रांसजेंडरों के मतदान में 463 की वृद्धि दर्ज की गई। यूपी में 2019 में 7775 ट्रांसजेंडर मतदाता दर्ज थे, जोकि इस बार घटकर 6628 रह गए। यानी, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 1147 कम होने के बावजूद इस बार उनका मत प्रतिशत बढ़ गया। रिणवा ने बताया कि यूपी में लोकसभा चुनाव में 159640 मतदाताओं ने पोस्टल बैलट से वोट दिया।

# जितने मतदाता बढ़े, उस हिसाब से नहीं हुआ मतदान

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ, वोट डालने वालों की संख्या भी बढ़ी, लेकिन इसके बाद भी मतदान प्रतिशत नीचे ही रहा। इसका कारण यह रहा कि जिस अनुपात में मतदाता बढ़े उसके मुकाबले मतदान नहीं हुआ।

चुनाव आयोग की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 2019 में 145858557 मतदाता थे। वहीं 2024 में यह संख्या 8245113 बढ़कर 154103670 हो गई। वहीं 2019 के मुकाबले 2024 में 1502385 मतदाताओं ने अधिक वोट किया। इसके बावजूद इस चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में 2.19 प्रतिशत कम वोट पड़े। यानि मतदाताओं की संख्या तो 8245113 बढ़ी, लेकिन पिछली बार के मुकाबले सिर्फ 1502385 अधिक मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 2019 में 86220643 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था, जबकि 2024 में 87723028 मतदाताओं ने वोट डाले।

**यूपी में 2019 के मुकाबले 1502385 ज्यादा वोट पड़े, फिर भी गिरा मतदान प्रतिशत**

**2019 में 145858557 मतदाता थे, 2024 में संख्या बढ़कर 154103670 हो गई**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये आंकड़े जारी किए। उन्होंने बताया कि 2019 के मुकाबले 2024 में ट्रांसजेंडरों के मतदान में 463 की वृद्धि दर्ज की गई। यूपी में 2019 में 7775 ट्रांसजेंडर मतदाता दर्ज थे, जोकि इस बार घटकर 6628 रह गए। यानी, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 1147 कम होने के बावजूद इस बार उनका मत प्रतिशत बढ़ गया। रिणवा ने बताया कि यूपी में लोकसभा चुनाव में 159640 मतदाताओं ने पोस्टल बैलट से वोट दिया।

# मतगणना एजेंट को दिखाया जाएगा कंट्रोल यूनिट का नम्बर

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि काउंटिंग टेबल पर कण्ट्रोल यूनिट (सीयू) आने के बाद मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा सीयू का नम्बर प्रत्याशियों के काउंटिंग एजेण्ट को दिखाया जायेगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि यह सीयू उसी बूथ से सम्बन्धित है। सीयू के साथ 17-सी भाग-1 में उल्लिखित मतों को एजेण्टों को बताया जाएगा। इसके बाद सीयू को ऑन कर प्रत्याशीवार मतगणना-परिणाम 17-सी भाग-2 पर अंकित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि किसी एजेण्ट द्वारा पुनः परिणाम दिखाये जाने के अनुरोध पर मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा पुनः परिणाम दिखाया जाएगा। 17-सी भाग-2 पर मतगणना पर्यवेक्षक एवं काउंटिंग एजेण्ट के हस्ताक्षर के उपरान्त एक प्रति फीडिंग के लिए जायेगी तथा दूसरी प्रति की छायाप्रतियां कराकर काउंटिंग एजेण्ट को प्राप्त करायी जाएंगी। सम्पूर्ण राउण्ड की शीट की एक प्रति राउण्ड की घोषणा के उपरान्त एआरओ टेबल के एजेण्ट को भी दी जायेगी। यदि किसी बूथ से सम्बन्धित सीयू की डिस्प्ले न दिखने से सीयू से परिणाम नहीं निकलता है तो ऐसे में समस्त ईवीएम की मतगणना के बाद उक्त बूथ के वीवीपैट स्लिप की गणना की जाएगी। यदि किसी कारण से किसी बूथ की सीयू से मॉकपोल के मतों को नहीं हटाया गया है। तो ऐसे में उक्त सीयू से मतगणना नहीं की जायेगी तथा उक्त मशीन आरओ की अभिरक्षा में जाएगी। यदि सम्पूर्ण मतगणना के उपरान्त हार-जीत का अन्तर उक्त बूथ पर पड़े मतों से अधिक है तो ऐसे में उक्त बूथ की गणना न करते हुए परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। यदि अन्तर उक्त बूथ पर पड़े मतों से कम है तो मॉकपोल सर्टिफिकेट में उल्लिखित मॉक मतों को प्रत्याशीवार हटाकर वीवीपैट की स्लिप से मतगणना की जायेगी तथा उसके आधार पर मतगणना परिणाम घोषित किया जाएगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

# हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव के उपाय हों : रिणवा

**लखनऊ (एसएनबी)**। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें-क्या न करें' की सलाह पर विशेष जोर दिया जाये, जिससे कि मतगणना कार्मिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि सभी मतगणना कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव के लिए टोपी, छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा अपने साथ रखें। पानी की बोतल साथ रखें। समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग करते रहें।

उन्होंने बताया कि हीटवेव से बचाव के लिए पर्याप्त ओआरएस व मेडिकल किट एवं मेडिकल टीम भी मतगणना स्थल पर उपलब्ध रहेगी। प्रत्याशी, उनके अभिकर्ता, मतगणना कार्मिकों एवं अन्य कर्मचारियों के बैठने के स्थान पर पंखे, कूलर एवं मिस्ट फैन की भी व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# कानपुर का नतीजा सबसे पहले, गाजियाबाद का आखिर में आएगा

## पहला रुझान बैलट पेपर का नहीं ईवीएम का ही आएगा, साथ-साथ चलेगी दोनों की गिनती

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

चुनाव आयोग ने मतदान खत्म होने के बाद मंगलवार को होने वाली मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। 80 लोकसभा सीटों में सबसे कम 1,607 बूथ कानपुर में हैं। इसलिए यहां का नतीजा सबसे पहले घोषित होने की संभावना है। सबसे अधिक 3,092 पोलिंग बूथ गाजियाबाद में हैं, इसलिए यहां गिनती सबसे लंबी चलेगी। गाजियाबाद की साहिबाबाद विधानसभा में अकेले 1,127 बूथ हैं। जिससे यहां गिनती 41 राउंड तक चलेगी। ऐसे मे सबसे बाद में यहीं का नतीजा आने की संभावना है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मंगलवार को सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर और कुशीनगर में दो मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। बाकी जिलों में एक-एक मतगणना केंद्र पर गिनती होगी। 35 लोकसभा क्षेत्रों की गिनती एक ही जिलों में होगी, जबकि 8 सीटें तीन व 37 सीटों का विस्तार 2 जिलों में होने के चलते उनकी गिनती दो-दो जिलों मे चलेगी। पोस्टल बैलट की गणना संबंधित सीट के मुख्यालय पर होगी, जहां निर्वाचन अधिकारी बैठता है। यहां पर सुबह 8 बजे पहले पोस्टल बैलट खुलेगा और 8:30 बजे से ईवीएम की गिनती शुरू होगी। बाकी मतगणना केंद्रो पर सुबह 8 बजे से ही ईवीएम के वोटो गिनती शुरू हो जाएगी। रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलट की गड्डी बनाते, उसे छांटने व वोटो की वैधता जांचने मे समय लगता है। इसलिए आमतौर पर सुबह आने वाला पहला रुझान ईवीएम का ही होता है न कि पोस्टल बैलट का। वोटों की गिनती विधानसभावार होगी और उन्हें जोड़कर परिणाम जारी किए जाएंगे।

**सीसीटीवी की निगरानी, त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा :** नवदीव रिणवा ने बताया कि पूरी मतगणना सीसीटीवी की निगरानी मे होगी। मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। पहला घेरा मतगणना स्थल पर 100 मीटर की दूरी, दूसरा मतगणना स्थल के गेट पर रहेगा। तीसरे स्तर की सुरक्षा मतगणना हाल की होगी जहां केंद्रीय बल की तैनाती होगी। अगर किसी बूथ पर ईवीएम में मॉक पोल के वोट नही हटाए गए है, उसे आरओ की सुरक्षा मे रख दिया जाएगा। काउंटिंग पूरी होने के बाद अगर हार-जीत का अंतर उस बूथ पर पड़े वोटो से अधिक है तो उस बूथ की गिनती के बिना रिजल्ट घोषित कर दिए जाएंगे। अगर अंतर कम है तो मॉक पोल सर्टिफिकेट मे लिखे मॉक वोट को घटाकर वीवीपैट स्लिप की गिनती की जाएगी और रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

FILE




### कुछ ऐसे की जाएगी वोटों की गिनती

- पोस्टल बैलट व ईवीएम के लिए अलग-अलग टेबल होंगे
- हर टेबल पर काउंटिंग एजेंट के भी बैठने की व्यवस्था होगी
- कंट्रोल यूनिट(CU) खोलने से पहले पार्टी एजेंट को दिखाएंगे, जिससे वह मिलान कर सके
- CU ऑन कर प्रत्याशीवार रिजल्ट 17सी पर लिखा जाएगा, एजेंट भी देखेंगे
- हर राउंड पूरा होने पर उसकी कॉपी पार्टी एजेंट को दी जाएगी
- राउंडवार काउंटिंग हॉल मे ब्लैक/वाइट बोर्ड पर रिजल्ट लिखा जाएगा
- CU वोट डिस्प्ले नही कर रही तो उस बूथ का वीवीपैट स्लिप गिनी जाएगी
- 5 बूथो की वीवीपैट स्लिप भी गिनी जाएगी विसवार, उसके बाद ही नतीजे घोषित किए जाएंगे

### यूं है तैयारी

- 81 केंद्रो पर होगी 80 सीटो की गिनती
- 37 सीटो की गिनती 2 व 8 की गिनती तीन-तीन जिलो मे होगी
- 179 प्रेक्षक रखेंगे चुनाव पर निगरानी
- 100 मीटर पहले ही मतगणना स्थल के रुकेंगे वाहन
- **results.eci.gov.in/** पर देखे जा सकते है नतीजे

## 2% वोटिंग घटी लेकिन वोट 15.02 लाख अधिक पड़े

### चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े, इस बार 56.92% हुआ मतदान

■ **एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ :** बढ़ी गर्मी व सियासी नीरसता के बीच हुए लोकसभा चुनाव में इस बार कुल वोटिंग में 2% से अधिक की कमी आई है। हालांकि, वोटरों की बढ़ी संख्या के चलते बूथ तक पहुंचने वालो की संख्या मे कमी नही आई है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार 15.02 लाख वोट अधिक पड़े है। इस बढ़ोतरी मे 85% हिस्सेदारी महिलाओं की रही है यानी 2019 के अपेक्षा 12.97 लाख महिलाओ ने अधिक वोट डाला है, जबकि पुरुष वोटो में बढ़ोतरी 2.02 लाख ही रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, '2019 के मुकाबले इस बार 32.53 लाख अधिक पुरुष वोटर लिस्ट मे जुड़े थे। वही, महिला वोटरो की संख्या बढ़ोतरी 49.92 लाख थी। वही, थर्ड जेंडर के 1147 वोटर घटे थे।' यूपी मे इस बार कुल 15.40 करोड़ से अधिक वोटर सूची का हिस्सा थे। इसमे 8.77 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। सेना व अन्य सुरक्षा बलो मे तैनात सर्विस वोटर 2.99 लाख है। इसमें 38% वोटरो ने अपना बैलट चॉइस के साथ वापस भेज दिया है। 3 और 4 जून की सुबह 8 बजे तक जो बैलट वापस आ जाएंगे, उनको भी मतगणना मे शामिल किया जाएगा।



### यूं रहा वोटिंग प्रतिशत

| | 2019 | 2024 | कमी |
|---|---|---|---|
| वोटिंग | 59.11 | 56.92 | 2.19 |
| पुरुष | 58.73 | 56.65 | 2.08 |
| महिला | 59.97 | 57.24 | 2.07 |

*(थर्ड जेंडर के वोटरो मे इस बार 12.22% ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जोकि 2019 के मुकाबले 7.77% अधिक है।)*

### एक नजर में

- **8.77** करोड़ वोट पड़े इस बार
- **4.65** करोड़ से अधिक पुरुष निकले
- **2.04** लाख अधिक पुरुष इस बार बूथ तक पहुंचे
- **4.12** करोड़ महिलाओ ने वोट डाले
- **12.97** लाख अधिक महिलाओ ने वोट डाला
- **1.60** लाख वोटरो ने किया पोस्टल बैलट का इस्तेमाल
- **2.99** लाख सर्विस वोटरो मे 1.15 लाख बैलट वापस आ चुके है

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता नहीं : सीईओ

■ सांसद, विधायक, मेयर नहीं बन सकते एजेंट

**लखनऊ (एसएनबी)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मतगणना एजेण्ट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। प्रत्याशियों द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को काउंटिंग एजेण्ट बनाया जा सकता है। प्रत्याशी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा मतगणना प्रारम्भ होने के दिनांक से 03 दिन पूर्व सायं 05 बजे तक काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने के लिए प्रारूप-18 पर रिटर्निंग आफीसर के समक्ष आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष के साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने के सम्बन्ध में कोई प्रतिबंध नहीं है लेकिन वह उसी निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हों। अप्रवासी भारतीय को भी काउंटिंग एजेण्ट बनाया जा सकता है।

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

# मतगणना स्थल पर बनेंगे मीडिया सेंटर

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतगणना स्थल परिसर में मीडिया सेंटर स्थापित किया जाएगा। सूचना विभाग से 1 अधिकारी मीडिया सेंटर का प्रभारी रहेगा। आरओ द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा समय-समय पर छोटे समूहों में मीडिया बन्धुओं को कुछ समय के लिए मतगणना हाल का भ्रमण कराया जाएगा। मतगणना हाल के भीतर भारत निर्वाचन आयोग से जारी मीडिया पास धारक मीडिया कर्मी को ही बिना स्टैण्ड का कैमरा ले जाने की अनुमति होगी।

मीडिया बन्धुओं को मीडिया सेंटर पर मोबाइल प्रयोग किये जाने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक मतगणना स्थल पर पब्लिक कम्युनिकेशन कक्ष भी स्थापित किया जा रहा है, जहां पर प्रत्याशी व उनके एजेण्ट आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल फोन का प्रयोग कर सकते हैं तथा उनके फोन सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रत्याशी, उनके अभिकर्ता, मतगणना कार्मिकों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल तथा शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था किये जाने के निर्देश समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किये गये हैं। प्रत्येक मतगणना हाल में एक ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड की व्यवस्था की जायेगी जिसमें प्रत्याशियों के नाम व राउण्डवार परिणाम लिखा जाएगा ताकि सभी मतगणना एजेण्ट उसे देख सकें। मीडिया कर्मी एवं आमजन आयोग की वेवसाइट पर जाकर मतगणना के रूझान एवं परिणाम जान सकते हैं।

# मतगणना कल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतगणना की पुख्ता तैयारी

## प्रदेश के 75 जनपदों में 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी काउंटिंग, हीट वेव व भीषण गर्मी से बचाव के लिए व्यापक इंतजाम-नवदीप रिणवा

लखनऊ। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना प्रदेश के 75 जनपदों में, 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी। आगरा, मेरठ, आजमगढ, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपद में मतगणना 02-02 केन्द्रों पर होगी। 08 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 03 जनपदों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 02 जनपदों में तथा 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 01 जनपद में होगी।मीडिया से मुखातिब मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को 04 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। तत्पश्चात् लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योगकर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित होगा।12-गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित 55-साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हेतु 179 प्रेक्षक तैनात किये गये हैं। 15 प्रेक्षक को 01-01 विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को 02-02 विधानसभा क्षेत्र तथा 60 को 03-03 विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफिसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। 136-ददरौल शाहजहांपुर, 173-लखनऊ पूर्व लखनऊ, 292-गैंसड़ी बलरामपुर



तथा सोनभद्र की 403-दुद्धी (सु.) विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 04 रिटर्निंग आफिसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। मतगणना एवं सीलिंग की कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में की जायेगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 771 पुरूष एवं 80 महिला है। सबसे अधिक. 28 प्रत्याशी 70-घोसी लोक़सभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 4 प्रत्याशी 57-कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनात की गयी है। मतगणना स्थल परिसर में मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है। सूचना विभाग से 01 अधिकारी मीडिया सेंटर का प्रभारी रहेगा। आरओ द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा समय-समय पर छोटे समूहों में मीडिया बन्धुओं को कुछ समय के लिए मतगणना हाल का भ्रमण भी कराया जायेगा। मतगणना हाल के भीतर भारत निर्वाचन आयोग से जारी मीडिया पास धारक मीडिया कर्मी को ही बिना स्टैण्ड का कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मीडिया बन्धुओं को मीडिया सेंटर पर मोबाइल प्रयोग किये जाने की अनुमति रहेगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# लोकसभा चुनाव : मतगणना की तैयारियां जोरों पर

## हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव के लिए मतगणना स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून, 2024 को प्रातः 8.00 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना प्रदेश के 75 जनपदों में, 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी। आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपद में

**■ मतगणना प्रदेश के 75 जनपदों के 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी**



मतगणना 02-02 केन्द्रों पर होगी। 08 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 03 जनपदों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 02 जनपदों में तथा 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 01 जनपद में होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को विकास भवन सचिवालय स्थित निर्वाचन कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में प्रेसवार्ता कर 04 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना आर0ओ0 मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। तत्पश्चात् लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। 12-गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित 55-साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हेतु 179 प्रेक्षक तैनात किये गये हैं। 15 प्रेक्षक को 01-01 विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को 02-02 विधानसभा क्षेत्र तथा 60 को 03-03 विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफिसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। 136-ददरौल (शाहजहांपुर), 173-लखनऊ पूर्व (लखनऊ), 292-गैसड़ी (बलरामपुर) तथा सोनभद्र जनपद की 403-दुद्धी (अजजा) विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 04 रिटर्निंग आफिसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। समस्त मतगणना एवं सीलिंग की कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में की जायेगी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में कुल 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 771 पुरूष एवं 80 महिला है। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी 70-घोसी लोकसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 4 प्रत्याशी 57-कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती भी की गयी है। अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा मतगणना प्रारम्भ होने के दिनांक से 03 दिन पूर्व सायं 5.00 बजे तक काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने हेतु प्रारूप-18 पर रिटर्निंग आफिसर के समक्ष आवेदन किया गया है। मतगणना एजेण्ट नियुक्त करने हेतु कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। अभ्यर्थियों द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को काउंटिंग एजेण्ट बनाया जा सकता है। केन्द्र/राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष को काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र/राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है, जो निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं। अप्रवासी भारतीय को भी काउंटिंग एजेण्ट बनाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट की गणना हेतु अतिरिक्त कक्ष का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान किया गया है। पोस्टल बैलेट की गणना हेतु होम वोटिंग एवं वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर प्राप्त पोस्टल बैलेट मतों की गणना प्रातः 8.00 बजे प्रारम्भ होगी तथा सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस की स्कैनिंग भी प्रातः 8.00 बजे से प्रारम्भ की जायेगी। स्कैनिंग के उपरान्त ईटीपीबीएस मतों की गणना की जायेगी। ईटीपीबीएस की स्कैनिंग/प्री काउंटिंग हेतु 871 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की मतों की गणना 794 टेबल पर की जायेगी। मतगणना स्थल की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी, जहां राज्य पुलिस बल तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हॉल के लिए होगी जो कि सीएपीएफ की निगरानी में होगी। मतगणना स्थल परिसर में मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है। सूचना विभाग से 01 अधिकारी मीडिया सेंटर का प्रभारी रहेगा। आर0ओ0 द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा समय-समय पर छोटे समूहों में मीडिया बन्धुओं को कुछ समय के लिए मतगणना हाल का भ्रमण भी कराया जायेगा। मतगणना हाल के भीतर भारत निर्वाचन आयोग से जारी मीडिया पास धारक मीडिया कर्मी को ही बिना स्टैण्ड का कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मीडिया बन्धुओं को मीडिया सेंटर पर मोबाइल प्रयोग किये जाने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक मतगणना स्थल पर पब्लिक कम्युनिकेशन कक्ष भी स्थापित किया जा रहा है, जहां पर प्रत्याशी व उनके एजेण्ट आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल फोन का प्रयोग कर सकते हैं तथा उनके फोन सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था भी की जा रही है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ... दै० डेली न्यूज लखनऊ ... दिनांक ... 03 JUN 2024

# कानपुर से नतीजे सबसे जल्द, गाजियाबाद के सबसे बाद में

## प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान के बाद मंगलवार को होगी मतगणना

लखनऊ( डीएनएन )। लोकसभा चुनाव के सभी सातों चरणों के मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद अब मंगलवार चार जून को होने वाली मतगणना और नजीजों की घोषणा की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की

- **मतगणना के रुझान और चुनाव नतीजे results.eci.gov.in पर देखे जा सकेंगे**

जाएगी और पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज मतों की भी गिनती शुरू कर दी जाएगी। कानपुर लोकसभा के नतीजे सबसे पहले और गाजियाबाद के सबसे बाद में आने का अनुमान है। यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार की शाम को अपने कार्यालय में बुलाई गई प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार चार जून को सुबह आठ बजे के बाद से सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देश भर में चल रही मतगणना के रुझान और चुनाव नतीजे results.eci.gov.in पर देखे जा सकेंगे। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 3092 पोलिंग बूथ और सबसे कम 1607 पोलिंग बूथ कानपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं। गाजियाबाद साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 पोलिंग बूथ होने के कारण यहां सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना होगी। इसलिए गाजियाबाद लोकसभा सीट का नतीजा सबसे बाद में और कानपुर लोकसभा सीट का नतीजा सबसे पहले आने का अनुमान है क्योंकि यहां सबसे कम पोलिंग बूथ हैं और उम्मीद है कि यहां सिर्फ 12 राउण्ड की मतगणना होगी। नवदीप निणवा ने बताया कि मतगणना प्रदेश के 75 जिलों में, 81 केन्द्रों पर होगी। आगरा, मेरठ, आजमगढ, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जिले में मतगणना दो-दो केन्द्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में तथा 35 लोकसभा



क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना जिला मुख्यालय के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। चुनाव आयोग द्वारा मतगणना के लिए 179 प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र तथा 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफिसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न कराई जायेगी। पूरी मतगणना एवं सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी।

### चार विधान सभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना भी होगी

शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व बलरामपुर की गैंसड़ी सोनभद्र जिले की दुद्धी (सु.) विधानसभा सीट के उपचुनाव की मतगणना चार रिटर्निंग आफिसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा कराई जाएगी।

### सबसे अधिक 28 उम्मीदवार घोसी सीट पर

प्रदेश में इस बार हुए लोकसभा चुनाव में कुल 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 771 पुरुष एवं 80 महिला है। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं।

### अर्द्धसैनिक बल भी रहेंगे तैनात

मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती भी की गई है। मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी, जहां राज्य पुलिस बल तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हॉल के लिए होगी जो कि सीएपीएफ की निगरानी में होगी।

प्रत्याशी या उसके एजेण्ट द्वारा मतगणना प्रारम्भ होने की तारीख से तीन दिन पूर्व शाम पांच बजे तक काउंटिंग एजेण्ट बनाए जाने के लिए प्रारूप-18 पर रिटर्निंग आफिसर के समक्ष आवेदन किया गया है। मतगणना एजेण्ट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। अभ्यर्थियों द्वारा 18 वर्ष से मतगणना एजेण्ट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। अभ्यर्थियों द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को काउंटिंग एजेण्ट बनाया जा सकता है।

### यह लोग नहीं बन सकते मतगणना एजेण्ट

केन्द्र-राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष को काउंटिंग एजेण्ट बनाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र-राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को काउंटिंग एजेण्ट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को काउंटिंग एजेण्ट बनाने के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है, जो निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं। अप्रवासी भारतीय को भी काउंटिंग एजेण्ट बनाया जा सकता है।

### पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष का अनुमोदन चुनाव आयोग द्वारा प्रदान किया गया है। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए होम वोटिंग एवं वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर प्राप्त पोस्टल बैलेट मतों की गणना सुबह आठ बजे प्रारम्भ होगी तथा सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस की स्कैनिंग भी सुबह आठ बजे से प्रारम्भ की जाएगी। स्कैनिंग के उपरान्त ईटीपीबीएस मतों की गणना की जाएगी। ईटीपीबीएस की स्कैनिंग-प्री काउंटिंग के लिए 871 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की मतों की गणना 794 टेबल पर की जाएगी।

### ब्लैक बोर्ड पर अंकित किया जाएगा चक्रवार परिणाम

प्रत्येक मतगणना हॉल में एक ब्लैक बोर्ड-व्हाइट बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें प्रत्याशियों के नाम व राउण्डवार परिणाम लिखा जाएगा ताकि सभी मतगणना एजेण्ट उसे देख सकें। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र एवं लोकसभा क्षेत्र में लाउडस्पीकर की भी व्यवस्था की गयी है। सर्वप्रथम प्रत्येक टेबल पर काउंटिंग एजेण्ट के बैठने की व्यवस्था रहेगी। सबसे आगे मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दल, उसके बाद रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त दल तथा उसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी के एजेण्ट बैठेंगे।

### ऐसे होगी मतगणना

टेबल पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कण्ट्रोल यूनिट आने के उपरान्त मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा कण्ट्रोल यूनिट का नम्बर दिखाया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि यह कण्ट्रोल यूनिट उसी बूथ से संबंधित है। कंट्रोल यूनिट के साथ 17सी भाग-1 में उल्लिखित मतों को एजेण्टों को बताया जाएगा। इसके बाद कण्ट्रोल यूनिट को ऑन कर प्रत्याशीवार मतगणना परिणाम के प्रारूप 17 सी भाग-2 पर अंकित किया जाएगा। किसी एजेण्ट द्वारा पुनः परिणाम दिखाने के अनुरोध पर मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा पुनः परिणाम दिखाया जाएगा। 17 सी भाग-2 पर मतगणना पर्यवेक्षक एवं काउंटिंग एजेण्ट के हस्ताक्षर के उपरान्त एक प्रति फीडिंग के लिए जाएगी तथा दूसरी प्रति की छायाप्रतियां कराकर काउंटिंग एजेण्ट को प्राप्त कराई जाएगी। सम्पूर्ण राउण्ड की शीट की एक प्रति राउण्ड की घोषणा के बाद एआरओ टेबल के एजेण्ट को भी दी जाएगी

### अगर डिस्प्ले पर परिणाम नहीं निकला

यदि किसी बूथ से संबंधित कण्ट्रोल यूनिट की डि ने न दिखने से कंट्रोल यूनिट से परिणाम नहीं निकलता है तो ऐसे में समस्त ईवीएम की मतगणना के बाद उक्त बूथ के वीवीपैट स्लिप की गणना की जाएगी। यदि किसी कारण से किसी बूथ की कण्ट्रोल यूनिट से मॉकपोल के मतों को नहीं हटाया गया है तो ऐसे में उक्त कंट्रोल यूनिट से मतगणना नहीं की जा गी तथा उक्त मशीन आरओ की अभिरक्ष जायेगी। यदि सम्पूर्ण मतगणना के बाद हार-जीत का अन्तर उक्त बूथ पर पड़े मतों से अधिक है तो ऐसे में उक्त बूथ की गणना न कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा यदि अन्तर उक्त बूथ पर पड़े मतों से कम है तो मॉक पोल सर्टिफिकेट में उल्लिखित मॉक मतों को प्रत्याशीवार हटाकर वीवीपैट की स्लिप से मतगणना की जाएगी और उक्त आधार पर मतगणना परिणाम घोषित किया जाएगा मतगणना के परिणाम की घोषणा के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच पोलिंग बूथ ड्रा के आधार पर निकाले जाएगे तथा उन पोलिंग बूथ के वीवीपैट स्लिप की गणना की जाएगी

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० जनसत्ता, लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# लोकसभा की 80 व विधानसभा की चार सीट पर मतगणना के लिए तैयारियां पूरी

लखनऊ, 2 जून (भाषा)।

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट और चार विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी जिसके लिए पूरी व्यवस्था कर ली गई है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने रविवार को यह जानकारी दी। लोकसभा की 80 सीट के लिए राज्य में सात चरणों में मतदान हुआ है। इन सीट पर कुल 851 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें 771 पुरुष और 80 महिलाएं थीं। सबसे ज्यादा 28 उम्मीदवार घोसी लोकसभा क्षेत्र में और सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में थे। रिणवा ने बताया कि मतों की गिनती प्रदेश के 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्रों पर की जाएगी। उनके मुताबिक, आगरा,

**आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जिलों में मतगणना दो-दो केंद्र पर होगी, जबकि आठ लोकसभा क्षेत्र की मतगणना तीन जनपद में होगी।**

**37 लोकसभा क्षेत्र की मतगणना दो जनपद में तथा 35 लोकसभा क्षेत्र की मतगणना एक-एक जिले में होगी।**

मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जिलों में मतगणना दो-दो केंद्रों पर होगी जबकि आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जनपदों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जनपदों में तथा 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक-एक जिले में होगी। रिणवा ने बताया कि मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी और लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। रिणवा ने बताया कि प्रत्येक मतगणना हाल में एक ब्लैक बोर्ड/व्हाइट बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी जिसमें प्रत्याशियों के नाम व दौर वार परिणाम लिखा जाएगा ताकि सभी मतगणना एजेंट उसे देख सकें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र एवं लोकसभा क्षेत्र में सार्वजनिक उद्घोधन प्रणाली की भी व्यवस्था की गई है।

सीईओ ने बताया कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतगणना अधिकतम 41 दौर में पूरी होगी। उनके मुताबिक, 80 लोकसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गिनती 80 रिटर्निंग अधिकारी और 1581 सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ पूर्व, ददरौल (शाहजहांपुर), गैंसड़ी (बलरामपुर) तथा सोनभद्र जिले के दुद्धी (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों की भी मतगणना होगी। रिणवा ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना के लिए 179 पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा उपचुनावों के लिए मतों की गिनती चार रिटर्निंग अधिकारी और 26 सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी तथा मतगणना और सीलिंग की सारी कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में होगी।

उन्होंने बताया कि सुचारू रूप से मतगणना करने के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की भी तैनाती की गई है। मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए तीन स्तरीय व्यवस्था की गई है। सीईओ ने बताया कि सुरक्षा का पहला स्तर मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि में होगा, जहां स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० वॉयस ऑफ लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

# कल सुबह आठ बजे से शुरू होगी कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना : नवदीप रिणवा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून को सुबह 8.00 बजे से शुरू होगी। मतगणना प्रदेश के 75 जिलों में, 81 मतगणना केंद्रों पर होगी।

- शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतगणना के लिए तैयारी पूरी
- मतगणना प्रदेश के 75 जिलों में, 81 मतगणना केंद्रों पर होगी
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव के लिए मतगणना स्थलों पर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपद में मतगणना दो-दो केन्द्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में तथा 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को विकास भवन सचिवालय स्थित निर्वाचन कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रेसवार्ता कर 04 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय जिला के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। 12-गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित 55-साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना सम्पन्न होगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के लिए 179 प्रेक्षक तैनात किये गये हैं। 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र तथा 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफिसर, तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। 136-ददरौल (शाहजहाँपुर), 173-लखनऊ पूर्व (लखनऊ), 292-गैंसड़ी (बलरामपुर) तथा सोनभद्र जिला की 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 04 रिटर्निंग आफिसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। समस्त मतगणना एवं सीलिंग की कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में की जायेगी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में कुल 851 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 771 पुरूष एवं 80 महिला है। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी 70-घोसी लोकसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम चार प्रत्याशी 57-कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती भी की गयी है।




**काउंटिंग एजेंट के लिए प्रारूप-18 से होगा आवेदन :** अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा मतगणना शुरू होने के दिनांक से तीन दिन पूर्व सायं 5.00 बजे तक काउंटिंग एजेंट बनाये जाने के लिए प्रारूप-18 पर रिटर्निंग आफिसर के समक्ष आवेदन किया गया है। मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। अभ्यर्थियों द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को काउंटिंग एजेण्ट बनाया जा सकता है। केंद्र/राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष को काउंटिंग एजेंट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र/राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को काउंटिंग एजेंट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को काउंटिंग एजेंट बनाये जाने के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है, जो निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं। अप्रवासी भारतीय को भी काउंटिंग एजेंट बनाया जा सकता है।

**पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष :** उन्होंने बताया कि सभी लोकसभा क्षेत्रों में पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अतिरिक्त कक्ष का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग ने दिया है। पोस्टल बैलेट की गणना के लिए होम वोटिंग एवं वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर प्राप्त पोस्टल बैलेट मतों की गणना सुबह 8.00 बजे शुरू होगी तथा सर्विस वोटर से प्राप्त ईटीपीबीएस की स्कैनिंग भी सुबह 8.00 बजे से शुरू की जायेगी। स्कैनिंग के बाद ईटीपीबीएस मतों की गणना की जायेगी। ईटीपीबीएस की स्कैनिंग/प्री काउंटिंग के लिए 871 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की मतों की गणना 794 टेबल पर की जायेगी।

**मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था :** मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी, जहां राज्य पुलिस बल तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हॉल के लिए होगी जो कि सीएपीएफ की निगरानी में होगी।

**मतगणना स्थल परिसर में स्थापित हुआ मीडिया सेंटर :** मतगणना स्थल परिसर में मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है। सूचना विभाग से एक अधिकारी मीडिया सेंटर का प्रभारी रहेगा। आरओ द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा समय-समय पर छोटे समूहों में मीडिया बंधुओं को कुछ समय के लिए मतगणना हाल का भ्रमण भी कराया जायेगा। मतगणना हाल के भीतर भारत निर्वाचन आयोग से जारी मीडिया पास धारक मीडिया कर्मी को ही बिना स्टैण्ड का कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मीडिया बंधुओं को मीडिया सेंटर पर मोबाइल प्रयोग किये जाने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक मतगणना स्थल पर पब्लिक कम्युनिकेशन कक्ष भी स्थापित किया जा रहा है, जहां पर प्रत्याशी व उनके एजेंट आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल फोन का प्रयोग कर सकते हैं तथा उनके फोन सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रत्याशी, उनके अभिकर्ता, मतगणना कार्मिकों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल तथा शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था किये जाने के निर्देश समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किये गये हैं।

**राउण्डवार परिणाम लिखने की गयी व्यवस्था :** प्रत्येक मतगणना हॉल में एक ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड की व्यवस्था की जायेगी जिसमें प्रत्याशियों के नाम व राउण्डवार परिणाम लिखा जाएगा ताकि सभी मतगणना एजेण्ट उसे देख सकें। मीडिया कर्मी एवं आमजन results.eci.gov.in पर जाकर मतगणना के रूझान एवं परिणाम जान सकते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दिनांक 03 JUN 2024

# शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतगणना की तैयारी पूरीः नवदीप रिणवा

**-कल 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी मतगणना**

**-मतगणना प्रदेश के 75 जनपदों में, 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी**

**-हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव के लिए मतगणना स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराने के निर्देश**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना प्रदेश के 75 जनपदों में, 81 मतगणना केन्द्रों पर होगी। आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपद में मतगणना 2-2 केन्द्रों पर होगी। 08 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 3 जनपदों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 2 जनपदों में तथा 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना 1 जनपद में होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को विकास भवन सचिवालय स्थित निर्वाचन कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में प्रेसवार्ता कर 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना आर0ओ0 मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। तत्पश्चात लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। 12-गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित 55-साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना सम्पन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हेतु 179 प्रेक्षक तैनात किये गये हैं। 15 प्रेक्षक को 01-01 विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को 02-02 विधानसभा क्षेत्र तथा 60 को 03-03 विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफिसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। 136-ददरौल (शाहजहांपुर), 173-लखनऊ पूर्व (लखनऊ), 292-गैंसड़ी (बलरामपुर) तथा सोनभद्र जनपद की 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 04



रिटर्निंग आफिसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी। समस्त मतगणना एवं सीलिंग की कार्यवाही सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में की जायेगी। मतगणना स्थल की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगायी गयी है। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी, जहां राज्य पुलिस बल तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हॉल के लिए होगी जो कि सीएपीएफ की निगरानी में होगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

- मतगणना केंद्रों पर की गई पर्याप्त मात्रा में केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती
- हीट वेव से बचाव के लिए पर्याप्त ओआरएस, मेडिकल किट व मेडिकल टीम भी रहेगी मौजूद
- ईवीएम में बंद कुल 851 लोकसभा प्रत्याशियों के भविष्य का होगा फैसला



भास्कर ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को मतगणना की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं 04 विधानसभा क्षेत्रों में उपनिर्वचन की मतगणना 04 जून को प्रातः 08 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 81 मतगणना केंद्रों पर हो रही है। मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। मतगणना स्थल की सुरक्षा त्रिस्तरीय होगी, जिसमें क्षेत्रीय पुलिस बल, राज्य पुलिस बल और सीएपीएफ की तैनाती की गई है। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में कुल 851 प्रत्याशी (771 पुरुष एवं 80 महिला) चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोक सभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 4 प्रत्याशी कैसरगंज लोक सभा क्षेत्र में हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगरा, मेरठ, आजमगढ़, देवरिया, सीतापुर, कुशीनगर जनपदों में मतगणना 2-2 केंद्रों पर हो रही है। वहीं, आठ लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 3 जनपदों में, 37 लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 2 जनपदों में तथा 35 लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 01 जनपद में हो रही है। पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय जनपद के मतगणना स्थल में होगी।

मतगणना विधान सभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोक सभा क्षेत्र में समाविष्ट विधान सभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोक सभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जाएगा। गाजियाबाद लोक सभा क्षेत्र में समाविष्ट साहिबाबाद विधान सभा क्षेत्र में मतदेय स्थल (1127) अधिक होने के कारण सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना संपन्न होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हेतु 179 प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। 15 प्रेक्षकों को 1-1 विधान सभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षकों को 2-2 विधान सभा क्षेत्र तथा 60 को 3-3 विधान सभा क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। 80 लोक सभा क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग ऑफिसर तथा 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा संपन्न कराई जाएगी। वहीं ददरौल, लखनऊ पूर्व, गैंसड़ी तथा दुद्धी विधानसभा उपनिर्वाचन की मतगणना 04 रिटर्निंग आफिसर तथा 26 सहायक रिटर्निंग आ द्वारा संपन्न कराई जाएगी। समस्त मतगणना एवं सीलिंग की कार्यवाही सीसीटीवी की निगरानी में होगी। मतगणना सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए अभ्यर्थियों द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को काउंटिंग एजेंट बनाया जा सकता है। केंद्र/राज्य सरकार के मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष को काउंटिंग एजेंट बनाए जाने पर प्रतिबंध है। केंद्र/राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को काउंटिंग एजेंट बनाए जाने पर भी प्रतिबंध है। हालांकि, निर्वाचन क्षेत्र के निवासी ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को काउंटिंग एजेंट बनाए जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० [illegible]...... दिनांक ....03 JUN 2024

# निरोधात्मक कार्यवाही में 27,05,146 लोग पाबंद किये गये

## 4768 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये, 3162.32 किलोग्राम विस्फोटक व 620 बम बरामद



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 01 जून, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,44,490 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 27,05,146 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10339 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10551 कारतूस, 3162.32 किलोग्राम विस्फोटक व 620 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5423 केंद्रों पर रेड डाली गयी और 188 केंद्रों को सीज किया गया। 01 जून को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 2673 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 40 शस्त्र, 58 कारतूस व 08 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 11 केंद्रों पर रेड डाली गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# यूपी में सुबह 8 बजे से शुरु होगी मतगणना: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 की वोटिंग समाप्त हो चुकी है। 4 जून को अब मतगणना होगी। इसको लेकर निर्वाचन आयोग ने सभी तरह की तैयारियां कर ली

**● गर्मी को लेकर व्यापक बंदोबस्त, विधानसभा का योगकर घोषित होंगे परिणाम**

हैं। रविवार को यूपी के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नवदीप रिणवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंगलवार को यूपी में 75 जिलों के 81 मतगणना स्थलों पर सुबह 8 बजे से काउंटिंग शुरू होगी, इसलिए हीटवेव और भीषण गर्मी से बचाव समेत सभी तरह की व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना आरओ मुख्यालय जिले के मतगणना स्थल पर होगी।

80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग आफिसर और 1581 सहायक रिटर्निंग



मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जाएगा।

मतगणना के लिए 179 प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। 15 प्रेक्षक को 01-01 विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को 02-02 विधानसभा क्षेत्र और 60 को 03-03 विधानसभा क्षेत्र आवंटित किए गए हैं।

आफिसर द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। 136-ददरौल (शाहजहांपुर), 173-लखनऊ पूर्व (लखनऊ), 292-गैंसड़ी (बलरामपुर) और सोनभद्र जनपद की 403-दुद्धी (अजजा) विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 04 रिटर्निंग आफिसर और 26 सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। समस्त मतगणना एवं सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जाएगी।

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज लखनऊ ........ दिनांक ........ 03 JUN 2024

# अवैध शस्त्र बनाने वाले 11 केन्द्रों पर रेड

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)**। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 01 जून, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,44,490 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 27,05,146 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10339 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10551 कारतूस, 3162.32 किलोग्राम विस्फोटक व 620 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5423 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 188 केन्द्रों को सीज किया गय 01 जून,को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 2673 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 40 शस्त्र, 58 कारतूस व 08 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 11 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# आचार संहिता उल्लंघन के 163 मामले दर्ज

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,90,97,706 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,17,65,730 तथा निजी स्थानों से 73,31,976 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 13,59,248, पोस्टर के 52,71,414, बैनर के 32,70,907 एवं अन्य 18,64,161 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 10,63,123, पोस्टर के 34,00,221, बैनर के 18,70,977 एवं अन्य 9,97,655 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1282 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 154 एफआईआर दर्ज, 09 एनसीआर सहित कुल 163 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० वॉयस ऑफ लखनऊ.... दिनांक 03 JUN 2024

# 1,90,97,706 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,90,97,706 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,17,65,730 तथा निजी स्थानों से 73,31,976 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 13,59,248, पोस्टर के 52,71,414, बैनर के 32,70,907 एवं अन्य 18,64,161 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 10,63,123, पोस्टर के 34,00,221, बैनर के 18,70,977 एवं अन्य 9,97,655 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1282 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 154 एफआईआर दर्ज, 09 एनसीआर सहित कुल 163 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# 2019 के मुकाबले यूपी में इस बार 12 लाख ज्यादा महिलाओं ने किया मतदान

लखनऊ ( डीएनएन )। उत्तर प्रदेश में इस बार पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने मतदान में ज्यादा उत्साह दिखाया। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार प्रदेश में 12 लाख 97 हजार 638 ज्यादा महिला वोटरों ने मतदान किया जबकि 2019 के मुकाबले इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर 2 लाख 4 हजार 224 अधिक पुरुषों ने मतदान किया। थर्ड जेण्डर मतदाताओं की बात करें तो पिछले चुनाव के मुकाबले 463 ज्यादा वोटरों ने मतदान किया। इस तरह से प्रदेश में 2019 के मुकाबले इस बार 15 लाख 2 हजार 385 ज्यादा वोटरों ने मतदान किया। यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले प्रदेश में तैयार की गई। इस बार की वोटर लिस्ट में 32 लाख 53 हजार 523 पुरुष और 49 लाख 92 हजार 737 अधिक महिला वोटर दर्ज हुए। 2019 के मुकाबले इस बार की वोटर लिस्ट में 1147 थर्ड जेण्डर कम हुए। उत्तर प्रदेश में इस बार के लोकसभा चुनाव में 2019 के मुकाबले 2.19 प्रतिशत कम मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार प्रदेश में इस बार सातों चरणों में कुल मिला कर 56.92 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 के चुनाव में यहां 59.11 प्रतिशत वोट पड़े थे। यह डिल्टस्तान अखबार की ऑटमेटेड न्यूज फीट है इसे लाइव डिल्टस्तान की टीम ने संपादित नहीं किया है।

### लोकसभा चुनाव परिणाम के साथ आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनावों के भी नतीजे आएंगे

# हेल्पलाइन ऐप पर भी मिलेंगे परिणाम : आयोग

**चुनाव आयोग से**

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग ने कहा कि आम चुनाव के लिए वोटों की गिनती 4 जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। आयोग के अनुसार, मंगलवार को ही आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए भी वोटों की गिनती होगी।

इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ सभी मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) और रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के साथ मतगणना दिवस की तैयारियों की समीक्षा की थी। चुनाव निकाय ने कहा कि मतगणना के रुझान और परिणाम ईसीआई वेबसाइट के साथ-साथ मतदाता हेल्पलाइन ऐप, आईओएस और एंड्रॉइड मोबाइल ऐप दोनों पर उपलब्ध होंगे।

**आयोग ने जारी की हैंडबुक :** चुनाव निकाय ने रिटर्निंग अधिकारियों और मतगणना एजेंटों के लिए एक हैंडबुक भी जारी की है, जो ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि मतगणना व्यवस्था, वोटों की गिनती की प्रक्रिया और ईवीएम और वीवीपीएटी के भंडारण के लिए आयोग के व्यापक निर्देश पहले से ही ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि सीईओ, आरओ, डीईओ द्वारा रुझानों और परिणामों का स्थानीय प्रदर्शन डिजिटल डिस्प्ले पैनल के माध्यम से भी किया जा सकता है।

## ईवीएम के खुलने से लेकर बंद होने तक मतगणना की प्रक्रिया

देश की 543 सीटों पर हुए मतदान के परिणाम मंगलवार को आ जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खुलने से लेकर बंद होने तक मतगणना की पूरी प्रक्रिया को जानना जरूरी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, ईवीएम को डेढ़ महीने तक सहेज कर रखा जाता है। वहीं मतगणना के दिन कुल छह चरणों में सारी प्रक्रिया पूरी होती है। डालते हैं इसके सभी चरणों पर नजर...

### पहला चरण

- कंट्रोल यूनिट के नंबर का गुलाबी पेपर सील और हरे पेपर सील नंबर से मिलान होता है
- मिलान के साथ पार्टियों के पोलिंग एजेंटों को भी ये नंबर दिखाए जाते हैं
- ईवीएम की तारीख और समय को भी रिकॉर्ड से मिलान कराया जाता है

### दूसरा चरण

मतगणना में सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती शुरू की जाती है

### तीसरा चरण

- 30 मिनट बाद ईवीएम मशीनों से वोटों की गिनती शुरू होती है
- मशीन को ऑन कर परिणाम बटन पर लगी सील को तोड़ा जाता है
- परिणाम बटन दबाकर किसे कितने वोट मिले, जाना जाता है



लाहौल एवं स्पीति में मतदान संपन्न होने के बाद रविवार को हेलीकॉप्टर से ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री काजा से केलांग ले जाते चुनाव अधिकारी। ● एएनआई

### चौथा चरण

- पहले राउंड के बाद चुनाव अधिकारी रुझानों की जानकारी देता है
- 40 मिनट तक का समय पहला राउंड पूरा होने में लगता है
- 14 मशीनों के मतों की गिनती पहले राउंड में की जाती है

### पांचवां चरण

- एक राउंड पूरा होने के बाद ईवीएम को फिर से सील कर दिया जाता है
- पोलिंग एजेंटों के सामने रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) व प्रेक्षक हस्ताक्षर करते हैं
- किसी की आपत्ति दर्ज कराने के लिए आरओ दो मिनट का इंतजार करते हैं
- इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर परिणाम चुनाव आयोग को भेज देता है

### छठा चरण

- मतगणना पूरी होने के बाद फॉर्म-20 में अंतिम परिणाम तैयार किया जाता है
- ईवीएम को उन्हीं स्ट्रांग रूम में रख दिया जाता है, जहां से उन्हें लाया गया था

### सहेजी जाती है ईवीएम

चुनाव परिणाम के बाद ईवीएम को 45 दिन तक स्ट्रॉन्ग रूम में सहेज जाता है। डेढ़ महीना बीतने के बाद इन्हें फिर से प्रयोग करने के लिए तैयार किया जा सकता है। ऐसा करने से पूर्व सभी प्रत्याशियों को स्ट्रॉन्ग रूम के खुलने के वक्त से 48 घंटे पहले सूचना देकर मौजूद रहने को कहा जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी और सभी राजनीतिक दलों की मौजूदगी में इसे खोला जाता है।

### मतगणना के दिन

- 14 टेबल लगती है एक हॉल में
- हर टेबल पर सील तोड़ने के लिए छोटा चाकू, लाउड स्पीकर और ब्लैकबोर्ड होता है
- एक-एक अतिरिक्त टेबल रिटर्निंग ऑफिसर और ऑब्सर्वर के लिए
- 16 काउंटिंग एजेंट तैनात हो सकते हैं एक केंद्र पर प्रत्याशी द्वारा

### इन्हें मिलती है अनुमति

- सिर्फ रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ), मतगणना कर्मी, उम्मीदवार, पोलिंग एजेंट, काउंटिंग एजेंट, चुनाव आयोग के अधिकारी और ड्यूटी पर तैनात सरकारी अधिकारियों को ही मतगणना केंद्र के भीतर जाने की अनुमति है
- चुनाव आयोग के प्रेक्षक को छोड़कर किसी को भी मोबाइल फोन रखने की अनुमति नहीं होती

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक ...03 JUN 2024

# मतगणना से पहले भाजपा और 'इंडिया' चुनाव आयोग पहुंचे

सत्ता संग्राम

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। मतगणना से पहले रविवार को भाजपा और 'इंडिया' के नेता चुनाव आयोग की चौखट पर पहुंचे। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयोग से पोस्टल बैलेट की गिनती ईवीएम से पहले कराने का आग्रह किया। वहीं, भाजपा ने आयोग से मतगणना प्रक्रिया के दौरान कड़ी सुरक्षा करने की अपील की।

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने मीडिया को बताया, आयोग के प्रावधान के अनुसार, ईवीएम से पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होनी चाहिए। मगर आयोग ने 2019 की गाइडलाइन से इसे हटा दिया था। इसे देखते हुए चुनाव आयोग से मांग की गई है। वहीं, सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि मतगणना के वक्त विपक्षी दलों के एजेंट नियम के तहत कुछ मांग करते हैं तो उनसे कहा जाता है कि चुनाव आयोग से लिखित में लाएं। ऐसे में आयोग अपने पर्यवेक्षकों को नियम लागू करने का निर्देश दे। वहीं, 'इंडिया' ने चुनाव आयोग से ईवीएम की पोलिंग तिथि की जांच सभी एजेंट के सामने करने की भी मांग की। येचुरी बोले, जब तक यह सत्यापन नहीं किया जाता है, तब तक तय करना मुश्किल है कि ईवीएम को बदला नहीं गया है। विपक्षी गठबंधन ने ईवीएम को स्ट्रांगरूम से गिनती के लिए लाने के रास्ते में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी अपील की है।

## मतगणना के दौरान नियमों का पालन हो : पीयूष गोयल

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में चुनाव आयोग से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से मांग की कि अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो, साथ ही सभी ईसी प्रोटोकॉल का पालन हो। आशंका है, मतगणना को प्रभावित करने के लिए कुछ दल या संगठन अशांति पैदा कर सकते हैं, इसीलिए सख्त सुरक्षा कड़ी रहे। चुनाव प्रक्रिया कमजोर करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम :- दैनिक जागरण, लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# जिलाधिकारियों को फोन के आरोप पर आयोग ने कांग्रेस से मांगे साक्ष्य

- कांग्रेस महासचिव ने गृह मंत्री पर लगाया था 150 जिलाधिकारियों को फोन करने का आरोप
- चुनाव आयोग ने कहा, इस तरह की पोस्ट से चुनाव प्रक्रिया को लेकर पैदा होता है संदेह
- किसी भी जिलाधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री के फोन के बारे में आयोग को नहीं दी है जानकारी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 150 से अधिक जिलाधिकारियों से फोन पर बात करने के कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोप को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लिया है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को इसके बारे में सुबूत देने कहा है। जयराम रमेश ने शनिवार शाम को 'एक्स' पर पोस्ट कर अमित शाह द्वारा जिलाधिकारियों को फोन कर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया था।

चुनाव आयोग ने साफ किया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक सभी जिलाधिकारी आयोग के मातहत माने जाते हैं और नियम के मुताबिक उनके लिए किसी भी बाहरी हस्तक्षेप की जानकारी तत्काल चुनाव आयोग को देना अनिवार्य है। लेकिन अभी तक एक भी जिलाधिकारी ने अमित शाह द्वारा फोन किए जाने की जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी है। ऐसे में चुनावी प्रक्रिया को संदेह से परे रखने के लिए जरूरी है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुद उन जिलाधिकारियों के नाम बताएं, जिनको अमित शाह ने फोन किया था। आयोग ने आरोप लगाया कि इस तरह की पोस्ट करने से चुनावी प्रक्रिया पर संदेह खड़ा होता है और आम जनता के हित में इसका तत्काल निवारण करना जरूरी है।

**चुनाव आयोग सख्त**




जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में अमित शाह द्वारा जिलाधिकारियों को फोन करने को चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप बताया और इसे भाजपा की हताशा करार दिया था। जयराम ने यह भी लिखा था कि चार जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा की विदाई और आइएनडीआइए की जीत तय है। इसलिए अधिकारियों को डरने की जरूरत नहीं है और उन्हें संविधान के अनुसार अपना काम करना चाहिए। यह देखना होगा कि जयराम रमेश इन जिलाधिकारियों के नाम देते हैं या नहीं और नाम नहीं देने की स्थिति में चुनाव आयोग उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई करता है।

## अराजकता फैलाने की साजिश कर रहा विपक्ष : भाजपा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** भाजपा ने विपक्ष पर हार की हताशा में पूरे देश में अराजकता फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग से मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखने और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करते हुए 28 मई के 'दिल्ली रिजोल्यूशन' नाम से जारी टूलकिट का हवाला दिया है। भाजपा के अनुसार रिजोल्यूशन का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया पर संदेह खड़ा कर अराजकता फैलाना है। पार्टी ने साफ किया कि वह रिजोल्यूशन की प्रमाणिकता के बारे में नहीं जानती, लेकिन चुनाव आयोग को सजग करना जरूरी है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० अमर उजाला लखनऊ.......... दिनांक ....0 3 JUN 2024

# कांग्रेस का दावा खारिज, चुनाव आयोग बोला-एजेंटों पर रोक नहीं

## एजेंटों को गणना टेबल तक जाने से रोकने का लगाया था आरोप

नई दिल्ली। ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोप के बाद कांग्रेस ने अब मतगणना के दिन प्रत्याशियों के मतगणना एजेंटों से जुड़े एक नियम का मुद्दा उठाया है। विपक्षी दल ने कहा है कि इस नियम के जरिये मतगणना एजेंटों को मतगणना के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) के टेबल तक जाने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि, चुनाव आयोग ने साफ किया है कि प्रत्याशियों के मतगणना एजेंटों पर कोई रोक नहीं है और उन्हें रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) और एआरओ के टेबल तक जाने की अनुमति है। लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को होने वाली है।

कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि यह ईवीएम छेड़छाड़ से भी बड़ा मुद्दा है। उन्होंने चुनाव आयोग से मुद्दे के समाधान का आग्रह किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है कि प्रत्याशियों के मतगणना एजेंटों पर एआरओ टेबल तक जाने पर रोक लगाई है। वह नौ बार लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, इससे पहले, ऐसा कोई नियम नहीं था।



लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारी।

### कल आएंगे नतीजे चुनाव आयोग आज करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग लोकसभा चुनावों की मतणगना से ठीक एक दिन पहले सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। यह शायद पहली बार है, जब आयोग ने चुनाव खत्म होने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। 19 अप्रैल को शुरू हुए सात चरणों का चुनाव एक जून को खत्म हुआ। 2019 के संसदीय चुनावों तक उप चुनाव आयुक्त प्रत्येक चरण के मतदान के बाद मीडिया ब्रीफिंग करते थे, लेकिन अब यह प्रथा खत्म कर दी गई है। ब्यूरो

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# कांग्रेस का आरोप-शाह ने 150 डीएम से बात की, आयोग ने मांगे सबूत

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनसे सबूत तलब किए हैं। रमेश ने आरोप लगाया था कि 4 जून को होने वाली मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों से फोन पर बात की। आयोग ने कांग्रेस नेता को अपने दावे के बारे में विस्तृत जानकारी रविवार शाम सात बजे तक देने को कहा, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। हालांकि, रमेश तय समय तक नहीं पहुंचे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने पत्र में रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं। इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में देने चाहिए। यह भी कहा, जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है, तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और किसी भी निर्देश के लिए सीधे चुनाव आयोग को रिपोर्ट करते हैं। किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी, जैसा कि आपने आरोप लगाया है। ब्यूरो

>> नतीजों से पहले आयोग पहुंचे दल : पेज 8

# EVM की विश्वसनीयता पर उठे सवाल, अधिकारी बोले- हैकिंग संभव नहीं

Maneesh.Aggarwal@timesgroup.com

■ नई दिल्ली: सात चरणों में हुए लोकसभा चुनावों के लिए 4 जून को वोटों की गिनती होगी। इससे ठीक पहले एक बार फिर से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, ईवीएम के हैक होने वाली किसी भी आशंका को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ईवीएम को क्लीन चिट देते हुए पहले भी कह चुके हैं कि यह संभव नहीं है। ईवीएम को ना तो हैक किया जा सकता है और ना ही इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की जा सकती है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है। आयोग का कहना है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई है। तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी इसमें लूप में रखा गया है।



## 8 बजे से शुरू हो जाएगी गिनती

4 जून की सुबह 8 बजे से काउंटिंग शुरू हो जाएगी। लेकिन सबसे पहले आधा घंटा पोस्टल बैलट से पड़े वोटों की गिनती होगी। आधे घंटे के बाद ईवीएम में कैद वोटों को गिनना शुरू हो जाएगा। हां, जिन टेबल पर पोस्टल बैलट नहीं होंगे, वहां सीधे ईवीएम में पड़े वोट गिनना शुरू होंगे। जहां पोस्टल बैलट वाली वोट अधिक होंगी, उनकी गिनती आधे घंटे के बाद भी चलती रहेगी।

## 6 महीने तक डिलीट नहीं होता डेटा

ईवीएम में पड़े वोट के डेटा को सामान्य स्थितियों में कम से कम छह महीने तक डिलीट नहीं किया जाता। क्योंकि, वोट पड़ने के बाद में शुरू के छह महीने का ही वह टाइम होता है जब कोई भी ईवीएम में पड़े वोटों के लिए चैलेंज कर सकता है। इसके लिए लगाई जाने वाली पिटीशन पर फिर कोर्ट का आदेश आने तक उन ईवीएम के डेटा को सुरक्षित रखा जाता है। वरना, सामान्य परिस्थितियों में ईवीएम में कैद डेटा को छह महीने बाद आयोग के निर्देशानुसार आगे किसी भी चुनावी प्रक्रिया में इस्तेमाल में लाया जा सकता है। तमाम ईवीएम में भारतीय स्टैंडर्ड टाइम का ही इस्तेमाल किया जाता है। ईवीएम में वोट पड़ने के बाद मशीनों को मौजूद तमाम पोलिंग एजेंटों के सामने सील किया जाता है। एजेंटों या उम्मीदवारों को फॉर्म-17सी दिया जाता है।

NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

## पहली बार कब उठा हैकिंग का मुद्दा?

कानून में संशोधन होने के बाद देश में 1998 में एमपी, राजस्थान और दिल्ली में सबसे पहले ईवीएम का इस्तेमाल शुरू हुआ। 2004 के लोकसभा चुनाव से ईवीएम से ही चुनाव होने लगे। ईवीएम को हैक करने या इसमें किसी तरह की गड़बड़ी होने जैसी आशंका वाला मामला सबसे पहले 2010 में सामने आया था। बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में पार्टी ने इस मुद्दे को संसद में भी उठाया था। टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू और बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने भी ईवीएम वाले मसले पर आरोप लगाए थे। ईवीएम में गड़बड़ी होने वाले मुद्दे को उस वक्त हवा मिली थी, जब कुछ वैज्ञानिकों ने ईवीएम को हैक करने का दावा किया था। फिर 2014 आम चुनाव से पहले असम में ऐसा विवाद सामने आया था। जब एक ईवीएम से केवल कमल पर वोट पड़ने की शिकायत सामने आई थी। बाद में अधिकारियों ने कहा था कि उसमें तकनीकी समस्या थी।

# कम मतदान से सत्ताधारी दल को नुकसान के संकेत नहीं

**लोकसभा चुनाव के शुरुआती चरणों में मतदान में कमी चर्चा में रही। राजनीतिक विश्लेषक नीलांजन सरकार के अनुसार बीते दो चुनाव में मतदान में वृद्धि से भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदान के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि मतदान में कमी सत्ताधारी दल के लिए उलटफेर के संकेत नहीं हैं। पेश है नई दिल्ली से अभिषेक झा की रिपोर्ट...**


## पहले दो चरणों में मतदान में ज्यादा कमी

पहले छह चरणों में मतदान के लिए निर्धारित 486 सीटों पर 2019 में 67.6% वोट पड़े थे। 2024 में यह आंकड़ा 66% रह गया। यह परिवर्तन मामूली है, लेकिन पहले दो चरणों में यह बदलाव इस आंकड़े से लगभग दोगुना था। 2019 के बाद से मतदान में गिरावट पहले चरण में 3.9 प्रतिशत और दूसरे चरण में 3.5 प्रतिशत थी। छठे चरण तक के अन्य चार चरणों में, मतदान में गिरावट 0-1.4 प्रतिशत रही। सातवें चरण में मतदान लगभग पांच प्रतिशत कम हुआ।

## सीटों के स्तर पर मतदान में बदलाव

मतदान में बड़ी गिरावट काफी हद तक चुनाव के पहले दो चरणों तक ही सीमित थी। पहले छह चरणों के 466 सीटों में से (जहां मतदान की तुलना 2019 से की जा सकती है) 317 में मतदान में कमी आई। 54 सीटों पर एक प्रतिशत से कम की गिरावट दर्ज की गई और अन्य 49 सीटों पर केवल 1-2 प्रतिशत अंकों की कमी आई। 214 सीटों पर मतदान में दो प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई। इनमें 79 सीटों पर तो पांच फीसदी की कमी है।

### 2019 से सीटवार मतदान में बदलाव




सभी आंकड़े प्रतिशत में

## भाजपा और सहयोगियों के खाते में 2019 में अधिकांश सीटें गई थीं

पहले छह चरणों की 466 सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगियों ने 2019 में 66.1%, कांग्रेस गठबंधन ने 17.6% और अन्य दलों ने 16.3% सीटें जीतीं थीं। इनमें 317 सीटों पर 2019 में भाजपा और सहयोगियों ने 65.9% पर जीत हासिल की थी। 20.2% में कांग्रेस गठबंधन और 13.9% में अन्य दल थे। 214 सीटें जहां मतदान में दो प्रतिशत से अधिक कमी आई उन सीटों में 67.8% भाजपा और सहयोगी दलों ने जीती थीं। 23.8% में कांग्रेस और सहयोगी और 8.4% में अन्य दल थे।

## 214 सीटों पर वोटिंग में दो फीसदी की कमी

वोटिंग में गिरावट और भाजपा को नुकसान के बीच संबंध नहीं है। जिन 214 सीटों पर वोटिंग में 2 फीसदी या अधिक कमी आई, उनमें 47 सीटें केरल व तमिलनाडु में हैं। इन राज्यों में भाजपा का प्रभाव कम होने की संभावना है। हरियाणा, केरल, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु की सीटों पर 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। आंध्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ व कर्नाटक की सीटों पर 2 % से अधिक की गिरावट दर्ज नहीं की गई।

### 2019 में पहले छह चरणों कें लोकसभा क्षेत्रों में सीट शेयर




स्रोत: ईसीआई, टीसीपीडी-आईईडी

**Hindustan Times**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

**2,572** रही है करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या इस लोकसभा चुनाव में। पहले से सातवें चरण तक यह संख्या क्रमशः 450, 390, 392, 476, 227, 338 और 299 रही है। सातों चरणों में कुल 8360 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै० अमर उजाला लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........................ दिनांक 0 3 JUN 2024




इन तस्वीरों में देखिए, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इतना मजबूत क्यों होता जा रहा है। 18वीं लोकसभा के लिए मतदान खत्म होने के बाद चुनाव आयोग ने जो तस्वीरें जारी की हैं, उनमें हर एक वोट के लिए मतदानकर्मियों की जिम्मेदारी साफ दिख रही है। कर्मचारियों को कई जगह पैदल ही नदी पारकर वोटिंग कराने के लिए जाना पड़ा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

# चर्चित तस्वीर | ऐसे जज्बे से मजबूत होता है लोकतंत्र



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

### चर्चा में रहे चुनाव आयोग के मतदान बढ़ाने के अनोखे प्रयास

# नए प्रयोग और नई रिवायत ने आम चुनाव को बनाया खास

**कहीं शिपिंग कंटेनर में बना बूथ तो कहीं दिव्यांगों को उपलब्ध कराए गए वाहन**

**पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर बुजुर्गों के लिए की गई घर बैठे मतदान करने की व्यवस्था**

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आम चुनाव में मतदान बढ़ाने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के फैसलों और उठाए गए कदमों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावी पर्व को यादगार बना दिया। आयोग ने कहीं शिपिंग कंटेनर में मतदान केंद्र बनाया, तो दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था की। पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर बुजुर्गों को घर बैठे वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई।


निष्पक्ष चुनाव के लिए मणिपुर की दो लोकसभा सीटों को पांच बार मतदान प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इस दौरान 23 देशों के 75 प्रतिनिधि लोकतंत्र के इस महापर्व में एक अरब मतदाताओं की आहुति के गवाह बने। मतदाताओं की यह संख्या अमेरिका की जनसंख्या का तीन गुना तो यूरोपीय यूनियन की जनसंख्या से दो गुना है।

**मणिपुर ने बनाया इतिहास**

हिंसा प्रभावित मणिपुर में आयोग ने मणिपुर बाहरी सीट पर दो चरणों और मणिपुर भीतरी पर एक चरण में मतदान होना था। हालांकि हिंसा, बूथ कैप्चरिंग की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए मणिपुर बाहरी के छह और भीतरी सीट के 11 बूथों पर पुनर्मतदान कराया गया। ऐसे में इन दो सीटों को पांच बार मतदान प्रक्रिया से गुजरना पड़ा।

**दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया**

18वीं लोकसभा के गठन की प्रक्रिया दूसरी सबसे लंबी प्रक्रिया रही। पहला चुनाव करीब चार महीने चला था। इस बार 81 दिन की होगी। पिछला चुनाव 75 दिन में पूरा हुआ था। इस बार चुने हुए जनप्रतिनिधि नई संसद भवन में शपथ लेंगे।




## बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए खास व्यवस्था

मतदान फीसदी बढ़ाने के लिए आयोग ने इस बार 85 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर बैठे मतदान कराने की पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्था की। इंदौर में 70 दृष्टिहीन लड़कियों के मतदान के लिए निशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई। चुरू में पहली बार एक ही परिवार के आठ दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही वोट डाला।

**सक्षम एप से दिव्यांगों को सहूलियत :** चुनाव आयोग ने दिव्यांगों के लिए सक्षम एप लॉन्च किया, जिसके जरिये दिव्यांगों को मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, पिक-एंड-ड्रॉप और स्वयंसेवकों की सेवाओं जैसी विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिला। चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक, सक्षम एप को करीब 1.78 लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है।

**दृष्टिबाधितों के लिए ईवीएम में विशेष प्रावधान**

चुनाव आयोग ने दृष्टिबाधित मतदाताओं की सहायता के लिए ईवीएम में ब्रेल, ब्रेल सक्षम ईपीआईसी और मतदाता पर्ची के लिए भी प्रावधान किए। दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अंग्रेजी व हिंदी में एक मतदाता मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई गई, जिसमें पंजीकरण से लेकर मतदान दिवस तक की सुविधा की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

**जनजातीय मतदाताओं के लिए अहम उपाय**

चुनाव आयोग ने जनजातीय मतदाताओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की। गुजरात के अलियाबेट में एक शिपिंग कंटेनर में मतदान केंद्र स्थापित किया गया। छत्तीसगढ़ के बस्तर और कांकेर संसदीय क्षेत्र के 102 गांवों के मतदाताओं के लिए उनके गांव में ही मतदान केंद्र स्थापित किए गए। इनमें से कई मतदाताओं ने पहली बार मताधिकार का इस्तेमाल किया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...इंडियन एक्सप्रेस लखनऊ... दिनांक 03 JUN 2024

# EC action in 14 poll code violation cases: 5 notices sent to BJP, 4 to Congress

**DAMINI NATH**
NEW DELHI, JUNE 2

THE ELECTION Commission took action in 14 Model Code of Conduct violation related complaints received during the 18th Lok Sabha elections, leading to 13 notices, six censures and three temporary campaigning bans.

The two-and-a-half-month-long campaign for the crucial elections, held in seven-phase, ended on June 30.

According to notices and orders available on EC's website, the poll panel took up 14 MCC matters directly and issued notices in 13 of them. In one case, the EC issued a censure to Congress leader and Telangana minister Konda Surekha on April 26 directly, without issuing notice, based on a complaint by the BRS. The EC found that Surekha had violated the MCC provisions against making personal attacks and unverified allegations when she accused BRS leader KT Rama Rao of "tapping phones".

Out of the 14 matters, five pertained to violations by the BJP leaders, four were against Congress leaders and one each was against the TDP, the AAP, the YSRCP, the BRS and the TMC. Of the 14, the EC is yet to make public if it has taken any action in three cases — one notice to Delhi minister Atishi on April 5 and two notices to BJP West Bengal chief Sukanta Majumdar on May 18.

These 14 cases were either taken up directly by the EC or escalated by state Chief Electoral Officers, but do not include the notices issued by CEOs.

In a first, the EC this time issued notices to party presidents for the alleged MCC violations of their party's star campaigners, instead of sending them directly to the leaders. On April 25, the EC had issued notices to BJP president J P Nadda over complaints against PM Narendra Modi, and to Congress chief Mallikarjun Kharge in connection with the complaints against him and Congress leader Rahul Gandhi.

The notice to Nadda was over complaints from three Opposition parties against Modi for alleging that the Congress would hand over the nation's wealth to "infiltrators" and "those who have more children". Kharge was issued a notice on a BJP complaint against Gandhi for alleging that the PM wanted "one language and one religion in the country" and one against the Kharge himself for saying President Droupadi Murmu was not invited to the Ram Temple consecration because of her Scheduled Tribe background.

After receiving replies from the two party presidents, the EC issued detailed directions to them on May 22, reiterating the provisions of the MCC. While issuing the notices, the EC had said it would address party presidents on a case-to-case basis, but this did not absolve the leaders of the responsibility of following the MCC. Till Sunday evening, the EC had not issued any direct notices or advisories to Modi and Rahul.

The leaders censured were BJP leader and candidate from West Bengal Dilip Ghosh; Congress leaders Surekha and Supriya Shrinate; YSRCP chief YS Jagan Mohan Reddy; TDP chief N Chandrababu Naidu; and TMC leader Humayun Kabir.

Congress leader Randeep Surjewala was issued a 48-hour ban from campaigning for a remark about BJP Mathura candidate Hema Malini which the EC found "vulgar". The action against Ghosh and Shrinate, too, were due to their remarks against women leaders — West Bengal CM Mamata Banerjee and BJP candidate from Mandi Kangana Ranaut, respectively.

Another BJP candidate, former Calcutta HC judge Abhijit Gangopadhyay was handed a 24-hour campaign ban for his remarks on Mamata that the EC found "improper" and violative of MCC. Former Telangana CM K Chandrasekhar Rao was given a 48-hour ban for his remarks against the Congress that were found to be "misleading and unverified".

In a few cases, like the one of Ghosh, Shrinate and Gangopadhyay, the EC acted within three days of receiving complaints. The directions to Kharge and Nadda, on the other hand, were issued after over 20 days of receiving the complaints in the matters.

While announcing the elections schedule on March 16, CEC Rajiv Kumar had said the EC would "adopt a calibrated approach" towards MCC violations, where repeat offenders "would face strict action". The EC had said in a statement on May 14 that 425 major complaints had been filed by parties with the poll panel and state CEOs. Action had been taken or the matter disposed of in 400 of those cases, the EC said.

## MODEL CODE VIOLATIONS




### CASES TAKEN UP BY DIRECTLY BY THE EC

| Date of notice | Leader/party | Date of EC action | Action |
|---|---|---|---|
| Mar 27 | Dilip Ghosh (BJP) | April 1 | Censure |
| Mar 27 | Supriya Shrinate (INC) | April 1 | Censure |
| Apr 3 | N Chandrababu Naidu (TDP) | May 6 | Censure |
| Apr 5 | Atishi (AAP)* | — | — |
| Apr 7 | Y S Jagan Mohan Reddy (YSRCP) | May 6 | Censure |
| Apr 9 | Randeep Singh Surjewala (INC) | April 16 | 48 hour ban |
| No notice | Konda Surekha (INC) | April 26 | Censure |
| Apr 16 | K Chandrashekar Rao (BRS) | May 1 | 48 hour ban |
| Apr 25 | Mallikarjun Kharge (INC) | May 22 | Directions |
| Apr 25 | J P Nadda (BJP) | May 22 | Directions |
| May 10 | Humayun Kabir (TMC) | May 18 | Censure |
| May 17 | Abhijit Gangopadhyay (BJP) | May 21 | 24 hour ban |
| May 18 | Sukanta Majumdar (BJP)* | — | — |
| May 18 | Sukanta Majumdar (BJP)* | — | — |

*EC took action in 14 MCC cases this time, leading to campaign bans on 3 leaders, censures for 6*
*Five notices were sent to BJP leaders, 4 to Congress from start of the 2024 elections till now*

*No action yet

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम हिन्दुस्तान टाइम्स, लखनऊ ........ दिनांक 0 3 JUN 2024

# BJP and INDIA approach EC ahead of counting day

**HT Correspondent**

letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Delegations from the Bharatiya Janata Party (BJP) and the INDIA bloc approached the Election Commission (EC) on Sunday, a day after polling for all 543 Lok Sabha seats concluded, and urged the poll panel to ensure that all guidelines are followed on the counting day to safeguard the electoral process.

The ruling party asked EC to ensure that every polling official is "fully conversant" with the poll body's counting protocol, as it also alleged that Congress and "certain motivated civil society groups" were trying "to undermine the integrity of the ongoing electoral process".

In its appeal, the Opposition bloc urged the panel to ensure that on June 4, the postal ballots are counted and their results declared before announcing the count of votes casted through EVMs. It stressed that EC should ensure that the norms related to the counting process are implemented.



Polling officials arrives to submit EVMs and other election materials after the concluding phase of Lok Sabha elections, in Patna on Saturday. SANTOSH KUMAR/ HT PHOTO

### BJP's appeal

The BJP delegation, comprising Union ministers Nirmala Sitharaman and Piyush Goyal, submitted a memorandum to EC, saying that the Opposition, along with certain civil society groups were resorting to "a series of unfounded claims aimed at discrediting the election process". The BJP said that a pattern has emerged where the Opposition first targets institutions, then the election process, and "if court verdicts do not favor them, target the judicial verdicts."

"We had to call upon the Election Commission in light of the repeated attempts by a section of political parties, like the Congress and their INDI alliance partners, and also by certain motivated civil society groups and NGOs who are trying their level best to undermine the integrity of India's electoral process," Goyal said after the meet.

He added: "We have requested EC to ensure that every official engaged in the counting process is fully conversant with the minutest details of the prescribed process and engage diligently with all EC protocols."

### Opposition's application

In a memorandum, the INDIA bloc delegation asked the poll panel to ensure that the results of postal ballots were declared before the final round of counting of EVM votes, adding that there was a guideline to this effect, but it was withdrawn on May 18, 2019.

"[G]uidelines/notices/letters of ECI can in no way be used to dilute the rules established under law... While some District Collectors have issued similar orders, others have made statements about counting of postal ballots in the end. Clear instructions from the ECI are expected," it said.

The Opposition delegation included senior Congress leaders Abhishek Singhvi and Salman Khurshid, CPI(M) general secretary Sitaram Yechury, CPI general secretary D Raja, DMK's TR Baalu, and SP's Ram Gopal Yadav.

"This is the third multi-party delegation visiting the EC during this process.... We spent time with the EC on two-three major issues. Most important was counting the postal ballots and declaring the results first. This is a very clearly stated statutory rule, which specifically says that you should take up the postal ballots first," Singhvi said. Another letter, signed by 13 Opposition leaders, including Congress president Mallikarjun Kharge and Nationalist Congress Party (SP) president Sharad Pawar, said although political parties have put in a lot of effort to train their counting agents, the counting officials often fail to fully understand all aspects of the counting process.

"This mismatch can be challenging for the counting agents, particularly when counting officials ask for written ECI orders/guidelines for every request being made. On the day of counting, it is impractical for counting agents to carry multiple ECI manuals and circulars to all the counting tables," it said.

## Share details of allegations against Shah: EC to Ramesh

**NEW DELHI:** The Election Commission (EC) on Sunday sought factual information from Congress leader Jairam Ramesh after he alleged that Union home minister Amit Shah called up 150 district magistrates and collectors ahead of the June 4 counting of votes for the Lok Sabha elections.

In a letter to Ramesh, the poll panel has asked him to share details regarding his claim by 7pm on Sunday. HT could not ascertain if Ramesh had submitted a response to the EC by Sunday evening.

The letter comes a day after Congress general secretary posted on X that "the outgoing Home Minister has been calling up DMs/Collectors. So far, he has spoken to 150 of them. This is blatant and brazen intimidation, showing how desperate the BJP is...."

Reacting to the post, EC said the process of counting votes is a sacred duty cast upon every returning officer and such public statements "tend to put an element of doubt and thus, deserves to be addressed in larger public interest". **HTC**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम दै0 टाइम्स ऑफ इण्डिया, लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# After Jairam alleged Shah called DMs, EC says furnish details

## 'No Official Has Reported Any Intimidation Bid'

Bharti.Jain@timesgroup.com

**New Delhi:** In a firm counter, Election Commission on Sunday asked Congress neta Jairam Ramesh to back up his charge that Amit Shah had been calling up and "intimidating" district magistrates (DMs), who are also returning officers (ROs), ahead of counting, and sought details of the DMs contacted by the home minister as well as the factual basis of his "information".

In a letter to Ramesh, EC noted that "the process of counting of votes is a sacred duty cast upon every RO and such public statements by a senior, responsible and experienced leader tend to put an element of doubt and deserves to be addressed in larger public interest". While underlining that no DM had reported any such attempt at undue influence, EC sought details and information from Ramesh that "he believes to be true".

"You, being a responsible, experienced and senior leader of a national party, must have made such public statement, just before the day of counting, based on facts/information you believe to be true. It is requested that details of 150 DMs to whom such calls have been allegedly made by the home minister along with the factual matrix/basis of your information are shared by 1900 hours today... ie June 2, so that appropriate action can be taken," EC said in its letter to the Congress general secretary in charge of communications.

▶ Address issues, P 10

# EC's press meet on election issues today

▶Continued from P 1

Significantly, EC has scheduled a press conference on Monday where it is likely to speak on several issues, including the "pattern" of doubts being raised on well-established electoral processes during general elections.

Ramesh had, in a post on X on Saturday, claimed that "the outgoing home minister has been calling up DMs/collectors and had spoken to 150 DMs thus far". "This is blatant and brazen intimidation, showing how desperate the BJP is. Let it be very clear: the will of the people shall prevail, and on June 4, Modi, Shah, and BJP will exit, and the INDIA Janbandhan will be victorious. Officers should not get under any pressure and must uphold the Constitution. They are under watch," he had said.

During the period of enforcement of model code of conduct, all officers are deemed to be on deputation to the EC and report directly to it.

EC has been proactive through this election in either rebutting uncorroborated allegations — as it did in the case of Congress president Mallikarjun Kharge's charge that there was mismanagement and delay in release of EVM data, even terming it a biased and deliberate attempt at spreading confusion.

"EC cannot be a mute spectator to 'shoot and scoot' attacks by politicians, especially when they tend to create confusion in the minds of voters about electoral processes or create a false narrative. People tend to believe senior leaders, who should be responsible and desist from making unverified claims and attacks," an EC functionary said.

# BJP goes to EC, claims bid to undermine poll process

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** A BJP delegation led by finance minister Nirmala Sitharaman on Sunday called on the Election Commission and urged it take measures to ensure smooth counting of votes on Tuesday and also take action against those involved in "systematic attempts" to undermine the electoral process.

The party reached the poll panel on the day in which Congress leader Jairam Ramesh was asked to explain his allegation that home minister Amit Shah had spoken to over 150 district magistrates ahead of the counting. The party also expressed concern about reports of violence in West Bengal where BJP leaders have demanded extra vigil during counting.

▶ Democratic instts, P 10

# 'Oppn efforts attack our democratic institutions'

▶Continued from P 1

Today a delegation of BJP met with the Chief Election Commissioner to urge them to take some important steps. We have requested the EC that every official engaged in the counting process be fully conversant with the minutest details of the prescribed process and engage diligently with all EC protocols; ensure safety and security of the electoral process during the counting and announcement of results; take cognisance of systematic attempts to undermine the electoral process and take stringent action against those responsible," Union minister Piyush Goyal said.

"We wish to draw your urgent attention to the grave and coordinated attempts by opposition parties, led by the Indian National Congress (INC), and certain motivated civil society groups to undermine the integrity of the ongoing electoral process. These efforts directly attack our democratic institutions and pose significant risks to public order and trust in the electoral system," BJP said in its request to the EC. "They have consistently criticised the media and the ECI whenever results do not favour them, while conveniently ignoring the same process when they win state elections in Delhi, West Bengal, Karnataka and Telangana. This selective outrage and manipulation of media narratives are aimed at lowering image of PM internationally and painting a picture of victimhood," it said.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

# EC seeks factual information from Ramesh on his remark



PIONEER NEWS SERVICE
NEW DELHI

The Election Commission (EC) sought factual information from Congress leader Jairam Ramesh on Sunday on his claim that Home Minister Amit Shah has called up 150 district magistrates and collectors ahead of the June 4 counting of votes for the Lok Sabha polls.

In a letter to Ramesh, the poll panel has asked him to share details regarding his claim by 7 pm on Sunday.

The EC has referred to his post on X on June 1, in which the Congress general secretary had alleged that "the outgoing Home Minister has been calling up DMs/Collectors. So far, he has spoken to 150 of them. This is blatant and brazen intimidation, showing how desperate the BJP is...."

The process of counting votes is a sacred duty cast upon every returning officer and such public statements "tend to put an element of doubt and thus, deserves to be addressed in larger public interest", the EC has told Ramesh.

It has also told the Congress leader that when the Model Code of Conduct is in force, all officers are under the deemed deputation of the commission and they report directly to the poll watchdog for any directions.

"However, no DM has reported any such undue influence as alleged by you...," the EC's letter to Ramesh has stated.

"It is requested that details of 150 DMs to whom such calls have been allegedly made by the Home Minister along with the factual matrix/basis of your information are shared by 7 pm today -- June 2, 2024, so that appropriate action can be taken," it has told the Congress leader.

It has said that being a responsible, experienced and very senior leader of a national party, Ramesh must have made such a public statement ahead of the counting day on the basis of facts or information he believes to be true.

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# चुनाव आयोग से मिले भाजपा के नेता

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य अधिकारियों से मिलने के लिए रविवार को चुनाव आयोग गए। उन्होंने आयोग से भारत की चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय लागू करने का आग्रह किया। गोयल ने आरोप लगाया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसके इंडिया गठबंधन सहयोगियों के नेतृत्व में कुछ राजनीतिक दल, कुछ नागरिक समाज समूहों और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। पीयूष गोयल ने कहा कि आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों से मुलाकात कर 4 अहम कदम उठाने की मांग और आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पहला यह कि हमने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि मतगणना प्रक्रिया में लगे प्रत्येक अधिकारी को निर्धारित प्रक्रिया की छोटी से छोटी जानकारी से पूरी तरह परिचित होना चाहिए और सभी ईसी प्रोटोकॉल के साथ लगन से काम करना चाहिए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम: दै० आज लखनऊ ........ दिनांक 03 JUN 2024

# सातवें चरण में 61.63 प्रतिशत हुआ मतदान

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सातवें चरण के लिए हुए मतदान में रात 11.45 बजे तक कुल मतदान लगभग 61.63 प्रतिशत दर्ज किया गया है। जैसे-जैसे मतदान दल वापस लौटते रहेंगे, इन आंकड़े को अपडेट किया जाता रहेगा। चुनाव आयोग ने आज बताया कि आम चुनाव के सातवें चरण के लिए हुए मतदान में रात 11.45 बजे तक कुल मतदान लगभग 61.63 प्रतिशत दर्ज किया गया। जैसे-जैसे मतदान दल वापस लौटते रहेंगे, इस आंकड़े को फील्ड स्तर के अधिकारियों द्वारा अपडेट किया जाता रहेगा और यह पहले के चरणों की तरह ही वीटीआर ऐप पर संसदीय क्षेत्र वार (संबंधित विधानसभा क्षेत्र खंड के साथ) सीधा उपलब्ध होगा। आयोग ने बताया कि सातवें चरण में रात 11.45 बजे उत्तर प्रदेश में 55.59 प्रतिशत, बिहार में 51.92 प्रतिशत, झारखंड में 70.66 प्रतिशत, चंडीगढ़ 67.9 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश 69.67 प्रतिशत, ओडिशा 70.67 प्रतिशत, पंजाब 58.33 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल 73.36 प्रतिशत मतदान हुआ है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 जनसत्ता, लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

## 'शाह के जिलाधिकारियों को फोन करने के दावे का विवरण साझा करें'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें।

-पूरी खबर पेज ८

### निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश से मांगा जवाब

# शाह के जिलाधिकारियों को फोन करने के दावे का विवरण साझा करें

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 जून।

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है।

रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें। निर्वाचन आयोग ने एक जून को 'एक्स' पर किए गए जयराम रमेश की पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि 'निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने इनमें से 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है जो दिखाता है कि भाजपा कितनी हताश है।' निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान 'संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए'।



*निर्वाचन* आयोग ने कहा कि ऐसे सार्वजनिक बयान 'संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए।

आयोग ने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे निर्वाचन आयोग को रपट करते हैं। आयोग ने रमेश को लिखे पत्र में कहा है कि हालांकि, किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है जैसा कि आपने आरोप लगाया है।

आयोग ने कांग्रेस नेता से कहा कि अनुरोध है कि जिन 150 जिलाधिकारियों को कथित तौर पर गृह मंत्री द्वारा ऐसा फोन किया गया है, उनका विवरण आपकी जानकारी के तथ्यात्मक आधार के साथ आज शाम सात बजे – 2 जून, 2024 तक साझा किया जाए, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। पत्र में कहा गया कि एक राष्ट्रीय पार्टी के जिम्मेदार, अनुभवी और बहुत वरिष्ठ नेता होने के नाते रमेश ने मतगणना के दिन से पहले उन तथ्यों या जानकारी के आधार पर ऐसा सार्वजनिक बयान दिया होगा जिन्हें वह सच मानते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# 'अमित शाह ने काउंटिंग से पहले 150 डीएम से की बात'

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके सार्वजनिक बयान पर तथ्यात्मक जानकारी और डाटा मांगा है। उन्होंनें सोशल मीडिया की एक पोस्ट में गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि अमित शाह

- जयराम रमेश के आरोप पर चुनाव आयोग ने मांगा जवाब

नें 150 डीएम को लोकसभा चुनावों के वोटों की गिनती से कुछ दिन पहले फोन कॉल किए हैं। निर्वाचन आयोग ने 2 जून की शाम तक जयराम रमेश से इस मसले पर उनका जवाब मांगा है। रमेश ने आरोप लगाया कि अमित शाह नें 150 डीएम को लोकसभा चुनावों के



वोटों की गिनती से कुछ दिन पहले फोन कॉल किए हैं। इस तरह की जबरदस्त और निर्लज धमकी यह बताती है कि भाजपा कितनी हताश है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को भेजी चिट्ठी में लिखा है कि वोटों की गिनती करने की जिम्मेदारी आरो यानी रिटर्निंग ऑफीसर की है। प्रत्येक अधिकारी पर यह पवित्र जिम्मेदारी डाली गई है कि उसका ठीक ढ़ंग से पालन हो। इस तरह के स्टेटमेंट आप जैसे वरिष्ठ और जिम्मेदार नेता द्वारा बोले जाने पर लोगों के मन में संदेह के बीज पैदा करते हैं। इसलिए सबके हित के लिए इस तरह के बयानों का समाधान होना चाहिए। चुनाव आयोग ने बताया कि उन्हें अब तक इस तरह की कोई भी शिकायत किसी भी डीएम के द्वारा नहीं मिली है। किसी भी डीएम ने अपने कार्यक्षेत्र में इस तरह की किसी भी संदिग्ध गतिविधी होने की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इसलिए आयोग नें जयराम रमेश से इस संबंध में डाटा मांगकर मामले को बारीकी से समझना चाहा है। आयोग ने कहा कि जयराम रमेश बताएं कि वे कौन से 150 डीएम हैं, जिन्हें वो मानते हैं कि उनको गृह मंत्री अमित शाह ने प्रभावित किया है।

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज लखनऊ ............ दिनांक 0 3 JUN 2024

# शाह के 150 डीएम को फोन करने के दावे का विवरण साझा करें रमेश : निर्वाचन आयोग

**स्पष्टीकरण**

**● जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गम्भीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मतगणना से पहले 150 जिला अधिकारियों को फोन करने संबंधी दावे को गंभीरता से लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा है और रविवार शाम तक इस मामले में आरोपों का आधार बताते हुए स्पष्टीकरण देने को कहा है।

आयोग ने नोटिस में रमेश के शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के पोस्ट का हवाला देते हुए उनसे जवाब मांगा है। इस पोस्ट में श्री रमेश ने दावा किया,निवर्तमान गृह मंत्री ने डीएम को फोन किया है। अब तक 150 से बात भी कर ली है।आयोग ने रमेश को कड़क नोटिस भेजकर कहा कि आप अपनी बातों का प्रमाण के साथ हमें ज़वाब भेजें, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव के लिए देश का सारा प्रशासन आयोग के अधीन आ जाता है और जिलाधिकारी तथा जिले के अन्य सभी बड़े अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर के तौर पर आयोग के निर्देशन में काम करते हैं। आयोग को आपको यह बताना होगा कि आपकी इस जानकारी और इस सार्वजनिक पोस्ट का आधार क्या है। रमेश ने शनिवार को कहा कि निवर्तमान गृह मंत्री आज सुबह से ज़िला कलेक्टर्स से फ़ोन पर बात कर रहे हैं। अब तक 150 अफ़सरों से बात हो चुकी है। अफ़सरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है एवं अस्वीकार्य है। याद रखिए कि लोकतंत्र जनादेश से चलता है, धमकियों से नहीं। चार जून को जनादेश के अनुसार नरेन्द्र मोदी, अमित शाह व भाजपा सत्ता से बाहर होंगे एवं इंडिया समूह विजयी होगा। अफ़सरों को किसी प्रकार के दबाव में नहीं आना चाहिए व संविधान की रक्षा करनी चाहिए। वे निगरानी में हैं।

# शाह पर किये दावे का विवरण साझा करें कांग्रेस नेता रमेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है।

रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें। निर्वाचन आयोग ने एक जून को एक्स पर किए गए जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियोंकलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने इनमें से 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है जो दिखाता है कि भाजपा कितनी हताश है...। निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिऐ। इसने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करते हैं। आयोग ने रमेश को लिखे पत्र में कहा है, हालांकि, किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है जैसा कि आपने आरोप लगाया है...। इसने कांग्रेस नेता से कहा कि अनुरोध है कि जिन 150 जिलाधिकारियों को कथित तौर पर गृह मंत्री द्वारा ऐसा फोन किया गया है, उनका विवरण आपकी जानकारी के तथ्यात्मक आधार के साथ आज शाम सात बजे - 2 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शाह पर किये

जून, 2024 तक साझा किया जाए, ताकि उचित कार्वाई की जा सके। पत्र में कहा गया कि एक राष्ट्रीय पार्टी के जिम्मेदार, अनुभवी और बहुत वरिष्ठ नेता होने के नाते रमेश ने मतगणना के दिन से पहले उन तथ्यों या जानकारी के आधार पर ऐसा सार्वजनिक बयान दिया होगा जिन्हें वह सच मानते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक 03 JUN 2024

### लखनऊ की 70 और मोहनलालगंज के मतों की गिनती 56 टेबल पर होगी, गर्मी से बचने के लिए एसी और कूलर का इंतजाम

# मतगणना की तैयारी पूरी, कंट्रोल रूम से निगरानी

**इंतजाम**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** जिला प्रशासन ने मतगणना की तैयारी पूरी कर ली है। 4 जून को बिना किसी व्यवधान के सुबह 8:00 से मतगणना शुरू हो जाएगी। इस बार गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर विशेष इंतजाम किया गया है। एयर कंडीशन से लेकर बड़े-बड़े कूलर भी लगाए गए हैं। लखनऊ लोकसभा सीट की मतगणना जहां 70 काउंटिंग टेबल पर होगी। मोहनलालगंज की 56 टेबल पर होगी। मोहनलालगंज की अधिकतम 42 चक्र की मतगणना होगी जबकि लखनऊ लोकसभा की अधिकतम 30 चक्र की होगी। इससे लखनऊ का परिणाम जल्दी आएगा।

जिला प्रशासन ने मतगणना को लेकर कमर कस ली है। मौके पर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मतगणना वाले कक्षा में कुर्सी, मेज, टेबल सभी लग चुका है। अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। मीडिया सेंटर का भी निर्माण हुआ है। एयर कंडीशनिंग सिस्टम व अन्य चीज भी लगाए जा रहे हैं। इसका काम भी अंतिम दौर में है। तैयारी के हिसाब से सबसे पहले लखनऊ लोकसभा सीट का ही परिणाम घोषित होगा। क्योंकि लखनऊ लोकसभा सीट की मतगणना केवल 30 राउंड में ही की जानी है। यहां लखनऊ पश्चिम, लखनऊ पूर्व दो विधानसभाओं की मतगणना 30 राउंड में होगी। लखनऊ उत्तर की मतगणना 29 राउंड और लखनऊ मध्य की 25 राउण्ड में होगी। लखनऊ कैंटोनमेंट की 24 राउंड में होगी। मोहनलालगंज लोकसभा के बीकेटी विधानसभा की मतगणना 35, मलिहाबाद, मोहनलालगंज की 29-29 राउंड में होगी। सरोजनी नगर मतगणना 42 राउंड में होगी। मलिहाबाद की मतगणना कक्ष संख्या 9, बीकेटी की 8, सरोजनी नगर की सात, मोहनलालगंज की गणना कक्ष संख्या 6 में होगी।



रमाबाई रैली स्थल पर चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे डीम डॉ. सूर्यपाल गंगवार।

**150** लग्जरी वाहनों की मतगणना कर्मियों के लिए जरूरत

### पूर्व विधानसभा की मतगणना 30 राउंड में

लखनऊ पूर्व विधानसभा के चुनाव की मतगणना के लिए 14 टेबल बनाए गए हैं। यहां की मतगणना 30 राउंड में होगी। मतगणना कक्ष संख्या 11 में होगी। यहां एआरओ का एक टेबल बनाया गया है।

### लखनऊ के 1895 बूथों पर पड़े वोटों की होगी गिनती

लखनऊ लोकसभा सीट पर कुल 1895 बूथों पर मतदान हुआ है। जबकि मोहनलालगंज में 1873 बूथ पर मतदान हुआ था। ऐसे में इनकी गिनती अलग-अलग राउंड में होगी। लखनऊ पूर्व विधानसभा का मतदान 417 बूथ पर हुआ है। लखनऊ व मोहनलालगंज लोकसभा तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा तीनों को जोड़कर कुल 4185 बूथों पर पड़े वोटो की गिनती सुबह 8:00 बजे से होगी।

### 8:00 बजे से पहले खोले जाएंगे स्ट्रांग रूम

मतगणना 4 जून को सुबह 8:00 बजे से शुरू होगी। लेकिन इससे पहले स्ट्रांग रूम प्रेक्षकों, प्रत्याशियों, उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में खोले जाएंगे। इसके लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से प्रशासन ने स्वयं अथवा अपने एजेंट को सुबह 6:30 बजे रमाबाई रैली स्थल पर उपस्थित रहने को कहा है। ताकि स्ट्रांग रूम खोलने को लेकर कोई विवाद न हो।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# चुनाव ड्यूटी के दौरान हुई मौत की जांच के लिए समिति गठित

जासं, मीरजापुर : चुनाव ड्यूटी के दौरान लू व गर्मी से हुई कार्मिकों की मौत के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। चिकित्साधिकारियों की टीम पोस्टमार्टम रिपोर्ट व इलाज प्रक्रिया की जांच कर मौत के सही तथ्य का पता लगाएगी। समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व मेडिकल कालेज के प्राचार्य को सौंपेगी। इसके बाद यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। मीरजापुर में 30 मई को चुनाव ड्यूटी में लगे आठ, 31 मई को 24 व एक जून को तीन कर्मचारियों की मौत हो गई थी।

# कमांडो के पहरे में होगी मतगणना

**जेसीपी उपेंद्र अग्रवाल करेंगे सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग**

**एनबीटी, लखनऊ:**लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। रमाबाई रैली स्थल आशियाना में मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। इस दौरान स्ट्रॉंग रूम की सुरक्षा आईटीबीपी बल के हवाले रहेगी। मतगणना स्थल के प्रवेश द्वार पर पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और दो कंपनी केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के कमांडो तैनात रहेंगे। जेसीपी उपेंद्र अग्रवाल सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव मतगणना स्थल की भीतरी सुरक्षा की कमान संभालेंगे, जबकि मतगणना के बाहर की सुरक्षा एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत के हवाले रहेगी।

**शस्त्र, मोबाइल पर प्रतिबंध:** मतगणना स्थल पर शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ, मोबाइल फोन, कैमरा व पेय पदार्थ ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। पीने के पानी की व्यवस्था मतगणना कक्ष के बाहर जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से की जाएगी। मतगणना स्थल को तीन भागों में बांटा गया है। आइसोलेशन कॉर्डन की सुरक्षा आईटीबीपी के हवाले रहेगी।




## पार्किंग व्यवस्था

मतगणना स्थल आउटर कॉर्डन में लगे पुलिस कर्मियों और प्रत्याशियों के एजेंट अपने वाहन बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विवि के गेट नंबर एक की पार्किंग स्थल पर पार्क कर सकेंगे। इसके बाद ख्वाजापुर बैरियर पर पीएसी बल के अधिकारी और कर्मी उनकी चेकिंग करेंगे। मतगणना से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया कर्मियों और प्रत्याशी अपने वाहन ख्वाजापुर बैरियर के आगे रैनबसेरा में पार्क कर सकेंगे। यहां चेकिंग होने के बाद उन्हें मतगणना स्थल की ओर जाने दिया जाएगा। यूनानी गेट नंबर चार के पास बनी पार्किंग में अधिकारियों व मीडिया कर्मियों के वाहन पार्क होंगे।

## एजेंट तैयार

**एनबीटी सं, लखनऊ :** बीजेपी, कांग्रेस, सपा और बसपा मतगणना के लिए अपने कार्यकर्ताओं को तैयार कर रही हैं। इसके लिए पार्टी कार्यालयों में मतगणना एजेंट्स को प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें बारीकियों से अवगत करवाया गया। मतगणना एजेंट्स को प्रशिक्षण के दौरान हर राउंड में बरती जाने वाली सावधानी, डेटा दर्ज करने के तरीके के बारे में समझाया गया।

## ट्रैफिक डायवर्ट

**एनबीटी, लखनऊ:**लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान मतगणना स्थल आशियाना के रमाबाई मैदान के आसपास मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। डायवर्जन मंगलवार सुबह चार बजे से मतगणना समाप्ति तक लागू रहेगा। इमरजेंसी होने पर डायवर्ट मार्ग से एंबुलेंस, शव वाहन, स्कूली वाहन व अन्य आकस्मिक सेवाओं से जुड़े वाहन गुजर सकेंगे।

# रमाबाई मतगणना स्थल पर तैनात होंगे डेढ़ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी

जागरण संवाददाता • लखनऊ: लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना मंगलवार को रमाबाई रैली स्थल में सुबह आठ बजे से शुरू होगी। कमिश्नरेट ने मतगणना को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए डेढ़ हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जेसीपी ला एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि मतगणना स्थल के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आइटीबीपी के एक प्लाटून बल द्वारा की जा रही है। यही नहीं अन्य स्थानों के लिए नागरिक पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारी के साथ-साथ मुख्य प्रवेश द्वारों पर दो कंपनी केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल तक पहुंचने के लिए विभिन्न स्थानों पर चेकिंग व्यवस्था की गई है। बिना चेकिंग के कोई भी मतगणना अभिकर्ता व अन्य अंदर नहीं जा सकेंगे। पूरे मतगणना स्थल पर एक डीसीपी, दो एडीसीपी, 11 एसीपी समेत 01551 पुलिसकर्मी तैनात होंगे। यही नहीं मतगणना के दिन कोई भी व्यक्ति शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ, मोबाइल, कैमरा व पेय पदार्थ नहीं ले जा सकेगा। मतगणना स्थल के आगे यूनानी गेट नंबर चार के पास बनी पार्किंग में अधिकारी और मीडिया कर्मी अपने वाहन पार्क कर सकेंगे।

**150 बसों से जाएंगे मतगणना कार्मिक :** मतगणना कर्मचारियों को लाने-ले जाने के लिए 150 बसें परिवहन विभाग ने अधिग्रहीत की हैं। ईवीएम व वीवी पैट को पहुंचाने के लिए 40 डीसीएम की व्यवस्था की जा रही है। बसें और डीसीएम सोमवार को रमाबाई स्थल पर पहुंचाने के निर्देश एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी ने वाहन मालिकों को दिए हैं।



मतगणना स्थल पर ईवीएम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी • जागरण

## पूरे उत्साह से जुटें सपा एजेंट

मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे से रमाबाई मैदान पर प्रस्तावित है। सपा ने मतगणना एजेंटों को निर्देश दिया है कि महत्वपूर्ण चुनाव है एक-एक वोट पर निगाह रखते हुए पूरे उत्साह से जुटें। तैयारियों को लेकर मोहनलालगंज सीट के सपा प्रत्याशी आरके चौधरी के मतगणना एजेंटों की आशियाना स्थित अभिलाषा लान में बैठक हुई। उन्हें मतगणना के बारे में बारीकी से मुख्य बिंदु बताए कि उन्हें कैसे एक-एक वोट पर निगाह रखनी है। यहां पर जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के अलावा सभी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष और पूर्व विधायक अंब्रीश पुष्कर उपस्थित रहे।

## जनरेटर से चलेंगे एसी

मतगणना स्थल पर बिजली की बेहतर व्यवस्था की गई है। कर्मचारियों व अधिकारियों को काउंटिंग के दौरान परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए जनरेटर से सारी व्यवस्था रहेगी। बैकअप में रमाबाई, नादरगंज और रजनीखंड उपकेंद्रों से सप्लाई की व्यवस्था रहेगी। यही नहीं, 630 केवीए के दो ट्रांसफार्मर और 400 केवीए का एक ट्रांसफार्मर रखा जाएगा, अगर जनरेटर में कोई दिक्कत आती है तो बिजली विभाग पूरी व्यवस्था अपने हाथ में ले लेगा। मतगणना 11 कमरों में होनी है। यहां सवा दो सौ टन एसी का लोड रहेगा। हर कमरों में एसी व कूलर लगाए गए हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# मतदान प्रतिशत घटने के बाद भी पिछली बार से 15 लाख वोट अधिक पड़े

- मतदान में आई 2.09% की कमी 56.92 प्रतिशत औसत वोटिंग
- 2019 के मुकाबले इस बार के चुनाव में 12.97 लाख महिला और 2.04 लाख पुरुष वोटर बढ़े

राब्यू, जागरण•लखनऊ : निर्वाचन आयोग के साथ ही शासन-प्रशासन के प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तमाम प्रयास के बाद भी अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आया। प्रदेश की 80 सीटों पर 56.92 प्रतिशत औसत मतदान रहा, जो 2019 के मुकाबले 2.19 प्रतिशत की कमी दिखा रहा है। 2019 में यूपी में 59.11 प्रतिशत वोट पड़े थे। औसत मतदान में गिरावट के बावजूद वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। पिछले चुनाव में कुल 8,62,20,643 वोट पड़े थे, जबकि इस बार वोटरों की संख्या 8,77,23,028 रही है। स्पष्ट है कि संख्या की दृष्टि से इस बार 15,02,385 मत बढ़े हैं। महिलाओं की संख्या में 12,97,638 और पुरुषों की संख्या में 2,04,284 की वृद्धि हुई है।



2019 के चुनाव में पुरुषों का वोटिंग प्रतिशत 58.73 था जो कि इस चुनाव में घटकर 56.65 प्रतिशत (2.08 कम) है। महिलाओं के मतदान प्रतिशत में 2.70 प्रतिशत की गिरावट आई। बीते चुनाव में 59.97 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था और इनकी भागीदारी पुरुषों से अधिक थी। वहीं, इस चुनाव में इनकी भागीदारी घटकर 57.24 प्रतिशत रह गई है। पुरुषों और महिलाओं की तुलना में थर्ड जेंडर के वोटिंग प्रतिशत में जबरदस्त इजाफा हुआ और इनका वोटिंग प्रतिशत 4.46 से बढ़कर 12.22 प्रतिशत (7.76 प्रतिशत की वृद्धि) तक पहुंच गया। बता दें कि प्रदेश में कुल 15,41,03,670 मतदाता थे, जिनमें 8,77,23,028 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## सातवें और अंतिम चरण में पड़े 55.85 प्रतिशत वोट

वोट प्रतिशत में गिरावट का सिलसिला अंतिम चरण में भी बना रहा। सातवें चरण में प्रदेश में 55.85 प्रतिशत वोट पड़े। रविवार को निर्वाचन आयोग ने सातवें चरण के संशोधित आंकड़े जारी किए। स्पष्ट है कि 2019 के चुनाव के सापेक्ष आखिरी चरण में भी 2.52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस चरण में सबसे अधिक वोट चंदौली 60.58 प्रतिशत और सबसे कम सलेमपुर 51.38 प्रतिशत पड़े।

## अंतिम चरण में किस सीट पर कितने प्रतिशत पड़े वोट

| लोकसभा सीट | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| महराजगंज | 64.07 | 60.31 |
| गोरखपुर | 59.81 | 54.93 |
| कुशीनगर | 59.79 | 57.57 |
| देवरिया | 57.90 | 55.51 |
| बांसगांव | 55.38 | 51.79 |
| घोसी | 57.31 | 55.05 |
| सलेमपुर | 55.43 | 51.38 |
| बलिया | 54.35 | 52.05 |
| गाजीपुर | 58.88 | 55.45 |
| चंदौली | 61.83 | 60.58 |
| वाराणसी | 57.13 | 56.49 |
| मीरजापुर | 60.11 | 57.92 |
| राबर्ट्सगंज | 57.37 | 56.78 |
| कुल | 58.37 | 55.85 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक 0 3 JUN 2024

# डीसीपी और दो एडीसीपी की निगरानी में मतगणना स्थल

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लोकसभा चुनाव और लखनऊ पूर्वी विधानसभा उप चुनाव की चार जून को रमाबाई स्थल पर होने वाली मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है।

जेसीपी कानून व्यवस्था उपेन्द्र कुमार अग्रवाल के पर्यवेक्षण में डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह नोडल अधिकारी होंगे जबकि इनर कार्डन की सुरक्षा व्यवस्था एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव और आउटर कार्डन की सुरक्षा व्यवस्था एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत के जिम्मे रहेगी। जेसीपी ने कहा कि मतगणना कक्ष में प्रत्याशी, उनके एजेन्ट और मीडियाकर्मी मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे।

जेसीपी उपेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि स्ट्रांग रूम की व्यवस्था आईटीबीपी की एक प्लाटून कम्पनी कर रही है। मुख्य प्रवेश द्वार पर सीआरपीएफ की दो कम्पनी डयूटी पर मुस्तैद है।

मतगणना स्थल तक आने वाले प्रत्याशियों के एजेन्टों के वाहन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के गेट नम्बर एक से प्रवेश कर पार्क होंगे। इसी तरह अधिकारियों, मीडिया और प्रत्याशियों के वाहन ख्वाजापुर बैरियार से आगे तक जा सकेंगे।

## मतगणना स्थल पर ये फोर्स रहेगी

जेसीपी के मुताबिक मतगणना सकुशल निपटाने के लिये एक डीसीपी, दो एडीसीपी, 11 एसीपी, 54 इंस्पेक्टर, 339 एसआई, 247 हेड कांस्टेबिल, 897 सिपाही और महिला पुलिसकर्मियों के साथ ही दो कम्पनी केन्द्रीय सुरक्षा बल, पीएसी की एक कम्पनी तैनात रहेगी। पूरी सुरक्षा व्यवस्था त्रिस्तरीय रहेगी।

## कैमरा भी मतगणना कक्ष में नहीं जायेगा

पुलिस ने साफ किया कि प्रत्याशी, एजेन्ट और मीडियाकर्मी मोबाइल फोन, कैमरा, ज्वलनशील पदार्थ व पेय पदार्थ मतगणना कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतगणना कक्ष के बाहर पेयजल की पूरी व्यवस्था रहेगी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० अमर उजाला लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

## मतगणना कर्मियों के लिए मांगे लग्जरी वाहन

लखनऊ। मतगणना में शामिल होने वाले कर्मचारियों के लिए 150 लग्जरी वाहनों की मांग की गई है। एआरटीओ प्रशासन ने वाहन मालिकों को नोटिस से सूचना दे दी है। जिन्होंने वाहन नहीं भेजे हैं वे सोमवार को आरटीओ कार्यालय में इसे सौंप दें। आरटीओ संदीप कुमार पंकज ने बताया कि वाहन तीन जून को आएंगे और चार जून की रात में खाली हो जाएंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

# मतगणना स्थल पर रहेगी भारी सुरक्षा व्यवस्था

**लखनऊ (एसएनबी)** । लोकसभा चुनाव के बाद 4 जून को मतगणना के लिए रमा बाई स्थल आशियाना की सुरक्षा का पूरा प्रबन्ध कर लिया गया है। मतगणना शान्तिपूर्ण संपंन कराने के लिए पुलिस का भारी बन्दोबस्त किया गया है। इसके लिए एक पुलिस उपायुक्त, दो अपर पुलिस उपायुक्त, 11 सहायक पुलिस उपायुक्त, 54 प्रभारी निरीक्षक/निरीक्षक, 339 उपनिरीक्षक, 247 मुख्य आरक्षी, 897 आरक्षी तथा महिला पुलिस कर्मी के साथ दो कम्पनी केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल, एक कम्पनी पीएसी बल की ड्यूटी लगाई गयी है। मतगणना स्थल को तीन भागों में बांटा गया है। आइसोलेशन काईन की सुरक्षा व्यवस्था, एक प्लाटून आईटीबीपी द्वारा सनर काईन तथा आउटर काईन की सुरक्षा व्यवस्था नागरिक पुलिस बल, पीएसी बल व केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल करेंगे। मतगणना कक्ष में कोई भी प्रत्याशी, उनके एजेंट व मीडियाकर्मी को भी मोबाइल फोन, कैमरा, ज्वलनशील पदार्श व पेय पदार्थ ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था मतगणना कक्ष के बाहर पर्याप्त मात्रा में की गयी है।

**वाहनों को ड्यूटी में लगाने को लेकर चलाया गया अभियान :** चार जून को लखनऊ के रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना कर्मियों के लिए 150 लग्जरी वाहनों की जरूरत पड़ेगी। वाहनों के धरपकड़ के लिए सोमवार को एआरटीओ के नेतृत्व में अभियान चलाया जाएगा। जिन वाहन मालिकों को नोटिस भेजकर वाहन अधिग्रहण करने की सूचना दी गई है, उन्हें हर हाल में सोमवार को वाहन आरटीओ कार्यालय आकर सौपना होगा। आरटीओ ने बताया कि जिला निर्वाचन आयोग की ओर से मतगणना कर्मियों को वाहन मुहैया करने के निर्देश दिए गए है।

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ ............ दिनांक 0 3 JUN 2024

# रमाबाई में मतगणना की तैयारी पूरी कुल 126 टेबल पर होगी गिनती

**लखनऊ (एसएनबी)**। राजधानी में दो लोक सभा सीटों के साथ एक विधान सभा उपचुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। 4 जून को बिना किसी व्यवधान के सुबह 8 से मतगणना शुरू हो जाएगी। इस बार गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर विशेष इंतजाम किया गया है। एयर कंडीशन से लेकर बड़े-बड़े कूलर भी लगाए गए है। लखनऊ लोकसभा सीट की मतगणना जहां 70 काउंटिंग टेबल पर होगी। वहीं, मोहनलालगंज की 56 टेबल पर होगी। मोहनलालगंज की अधिकतम 42 चक्र की मतगणना होगी जबकि लखनऊ लोकसभा की अधिकतम 30 चक्र की होगी। इससे लखनऊ का परिणाम जल्दी आने की उम्मीद है।

**मतगणना को लेकर वाहनों का डायवर्जन :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को लेकर वाहनों का डायवर्जन किया गया है। इस दौरान शहीद पथ, आशियाना, बिजनौर, उतरेठिया से आने वाले वाहनों का डायवर्जन रहेगा। इस दौरान राजनैतिक पार्टियों के वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े होंगे। यह डायवर्जन व्यवस्था चार जून की सुबह से रात तक लागू रहेगा। इस तरफ रहेगी रोक-उतरेठिया शहीद पथ अंडरपास से रमाबाई रैली स्थल की तरफ रांग साइड में किसी भी प्रकार के वाहन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे। इसमें निजी वाहन रमाबाई पुलिस चौकी रैली स्थल तिराहे से रैन बसेरा तिराहा या बिजनौर शहीद पथ अंडरपास से होकर नहीं जा सकेंगे, बिजनौर शहीद पथ अंडरपास चौराहे से निजी वाहन सर्विस रोड होकर रमाबाई पुलिस चौकी की तरफ नहीं जा सकेगा, अंबेडकर विश्वविद्यालय अंडरपास से कोई भी वाहन रॉन्ग साइड रमाबाई की तरफ नहीं जा सकेंगे। इधर से वाहन जा सकेंगे, शहीद पथ के ऊपर से होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे, बिजनौर रोड, ओमेक्स सिटी या न्यू गडौरा होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# मतगणना की तैयारियों को लेकर जुटे सभी दल

लखनऊ (एसएनबी)। यूपी की 80 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, यह तो 4 जून को पता चलेगा। लेकिन क्या इसके साथ ही यह भी तय हो जाएगा कि इस चुनाव में दलगत तैयारियों का कितना असर रहा है। अब प्रमुख दलों के नेता मतगणना स्थल पर विशेष निगरानी में जुटे हुए हैं।

यूपी में मतगणना की तैयारियों को लेकर भाजपा, सपा और कांग्रेस ने अधिसूचना जारी होने के महीनों पहले से ही अपने-अपने स्तर पर जमीनी तैयारियां शुरू कर दिया था। यूपी में यदि किसी दल ने बूथ प्रबंधन पर फोकस किया है, तो किसी दूसरे दल ने अपने सांगठिनक ढांचे के बल पर रणनीति तैयार की है। निर्दल प्रत्याशियों ने भी अपने-अपने स्तर से मतगणना के लिए एजेंटों को प्रशिक्षित करके अंतिम परिणाम तक डटे रहने का संकल्प दिलाया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

## मतगणना के लिए डेढ़ सौ लग्जरी वाहन

लखनऊ। मंगलवार को रमाबाई रैली स्थल पर लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीटों के लिए होने वाली मतगणना को लेकर डेढ़ सौ छोटे व बड़े वाहनों की आवश्यकता है। आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज ने बताया कि जिला निर्वाचन आयोग की ओर से मतगणना कर्मियों को वाहन मुहैया करने के निर्देश दिये गये है। इसको लेकर छोटे और बड़े वाहनों को अधिग्रहण करने की नोटिस भेजी गयी है। ऐसे में वाहन मालिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर वाहन देना अनिवार्य होगा। अधिग्रहित सोमवार को आएंगे और मंगलवार की रात छोड़ दिये जाएंगे।

# चुनाव आयोग की कसौटी पर सफल रही अफसरशाही!

## प्रमुख सचिव गृह के अलावा नहीं बदला गया कोई अफसर

Premshanker.Mishra
@timesgroup.com

■ **लखनऊ :** इस लोकसभा चुनाव में यूपी में अफसरशाही चुनाव आयोग के 'निष्पक्षता' के मानकों पर खरी उतरती दिखाई दी है। आयोग की कार्रवाई के आंकड़े कम से कम यही कहते हैं। इस बार प्रमुख सचिव गृह को छोड़कर पूरे चुनाव के दौरान आयोग ने किसी अफसर को न हटाया और न ही उसकी भूमिका बदली। पिछले दो दशक में यूपी में हुआ यह दूसरा चुनाव है जब अफसरशाही पर आयोग का रुख इतना नरम रहा है।

**2022** के विधानसभा चुनावो मे बदले गए थे 4 डीएम, 2 एसपी

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने यूपी के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटा कर उनकी जगह किसी और अफसर को तैनात करने का निर्देश दिया था। हालांकि, शासन के सूत्रों का दावा था कि यह कार्रवाई किसी शिकायत पर नही की गई है। चूंकि संजय प्रसाद के पास प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री का भी चार्ज था, इसलिए उनकी भूमिका बदलने को कहा गया था। आयोग के निर्देश पर दीपक कुमार को यह जिम्मेदारी दी गई।

**चुनाव के पहले ही हो गया था फेरबदल :** अधिसूचना जारी होने के पहले ही सरकार के स्तर से ही यूपी मे कई जिलो मे प्रशासनिक अधिकारी बदल दिए गए थे, खास तौर पर जो तीन साल से अधिक का समय बिता चुके थे। चुनाव आयोग ने तीन साल से अधिक समय से एक ही जिले मे तैनात अफसरो को हटाने के निर्देश दिए थे। हाल मे ही फिरोजाबाद मे सपा की शिकायत पर एक एडीएम व एक सीओ को जरूर चुनाव आयोग ने हटाया है। हालाकि, किसी जिले के डीएम या एसपी या अन्य किसी बड़े अधिकारी को आयोग ने नही हटाया। विपक्षी दलो ने आयोग से कई जिलो को लेकर शिकायते भी की थी। 2019 मे भी चुनाव आयोग ने यूपी मे अफसरशाही मे कोई फेरबदल नही किया था। आयोग के एक अधिकारी का कहना है कि जो भी शिकायते आती है, आयोग उनका परीक्षण करवाता है। तथ्य के आधार पर कदम उठाए जाते है। महज शिकायतो पर ही कार्रवाई संभव नही होती।

### जब निशाने पर रही ब्यूरोक्रेसी



**2022** चुनावी तैयारियो मे ढिलाई को आधार बनाकर आयोग ने फिरोजाबाद, बरेली व कानपुर के डीएम को हटा दिया था। फिरोजाबाद व कौशांबी के एसपी भी बदले गए थे। पहले चरण के चुनाव के ठीक पहले गोंडा के डीएम को भी आयोग ने हटा दिया था। मतगणना के ठीक पहले तीन प्रादेशिक सेवा के अधिकारी भी हटाए गए थे।

**2017** विधानसभा चुनाव की तैयारियो की समीक्षा के दौरान ही आयोग ने लखनऊ सहित 13 जिलो के डीएम व 9 जिलो के पुलिस कप्तान हटा दिए थे। कुछ दिनो बाद फिर आयोग ने 4 डीएम और 6 एसपी हटाए। आबकारी आयुक्त भी बदल दिया था।

**2014** दलो की शिकायत पर चुनाव आयोग ने मैनपुरी सहित 22 जिलो के डीएम, 19 जिलो के पुलिस कप्तान सहित 44 अधिकारियो का एक साथ तबादला कर दिया था। इन्हे चुनाव के दौरान कही ड्यूटी न लगाए जाने की हिदायत भी दी गई थी। यहा तक कि अगस्त मे हुए उपचुनाव तक मे मुरादाबाद के एसएसपी हटाए गए थे।

**2009** मायावती सरकार मे प्रमुख सचिव गृह कुंवर फतेह बहादुर को हटाया था। साथ ही 10 से अधिक जिलो के प्रशासनिक अधिकारी भी बदले थे। वरुण गांधी के भड़काऊ भाषण के बाद एडीएम व एएसपी को सस्पेंड करने के साथ डीएम व एसपी का तबादला किया गया था।

**2007** विस चुनाव मे आयोग ने मुख्य सचिव नवीन चंद वाजपेयी को ही हटा दिया था। डीजीपी बुआ सिंह, प्रमुख सचिव गृह एसके अग्रवाल एडीजी एलओ एससी शर्मा के अलावा कई जिलो के डीएम-एसपी बदले गए थे। हटाए जाने से खफा बुआ सिंह ने वीआरएस की घोषणा कर दी थी।

**2012** आयोग ने तत्कालीन डीजीपी बृजलाल व प्रमुख सचिव गृह कुंवर फतेह बहादुर को उनके पद से हटा दिया था। कई जिलो के डीएम, कमिश्नर और पुलिस कप्तान पर चुनाव आयोग का डंडा चला था।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० आज लखनऊ ........ दिनांक 03 JUN 2024

# मतगणना स्थल पर लगेंगे एसी और कूलर

(आज समाचार सेवा)

लखनऊ। देश में लोकसभा का चुनाव खत्म हो चुका है, 4 जून को मतगणना होगी। मतगणना को लेकर के जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गए हैं लखनऊ में मतगणना स्थल पर विशेष तैयारी हैं। लखनऊ के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सूर्यपाल गंगवार ने लखनऊ के मतगणना केंद्र

## गर्मी में कोई रिस्क नहीं लेना चाहता ज़िला प्रशासन-गंगवार

रमाबाई स्थल का निरीक्षण करते हुए वहां पर चिकित्सा कैंप, मीडिया सेंटर और कंट्रोल रूम की व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिशा निर्देश दिए। प्रचंड गर्मी और हीट वेव को देखते हुए पहली बार मतगणना कक्ष कमें पंखे, कूलर के अलावा एसी भी लगवाए जा रहे हैं। लखनऊ में तीन केवीए के अलग-अलग ट्रांसफर्मर लगाए गए हैं लखनऊ में मतगणना के 10 रूम पूरी तरह से गर्मी से बचने के लिए एसी युक्त रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शहर के तापमान को देखते हुए यह कदम उठाया है। लखनऊ में दोपहर में यहां गर्मी के कारण लोग सिर्फबहुत जरूरत होने पर निकल रहे है ।ऐसे में कई घंटे तक मतगणना स्थल में ड्यूटी करने वाले लोगों के लिए ये



समय एक चुनौती जैसा है और वहां किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना हाल में एसी लगाने के निर्देश दिए है। डीएम के निर्देश पर हर एक मतगणना हाल में दो-दो एयर कंडीशनर लगाए गए हैं ।परिसर की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफको दिया गया है और पूरे परिसर में सीसीटीवी लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सीसीटीवी से पूरे मतगणना स्थल की मॉनिटरिंग की जाएगी। इससे राजनीतिक दल के प्रत्याशी भी स्ट्रांग रूम और परिसर की निगरानी कर सकते हैं। वहीं मतगणना वाले दिन आपात स्थिति से निपटने के लिए परिसर में चिकित्सा कैंप, एंबुलेंस और अग्निशमन गाड़ी की व्यवस्था की जा रही है। मीडिया सेंटर और कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

# Tight security arrangements for counting of votes

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

After the completion of voting, the EVMs have been kept under tight security arrangements at Pahadia Mandi where the counting of votes will be held on June 4. To avoid any untoward incident, three-tier security cordon had been created for EVMs kept at strong room. The personnel of central armed police forces have been deployed to keep a watch on the inner security where after completion of polling, the EVMs were deposited till midnight hours on Saturday and then kept in the strong room. After the inner security, Provincial Armed Constabulary (PAC) and armed personnel have been deployed in the second cordon, followed by the outer one where more than 50 policemen have been deployed.

To maintain proper security, the duty of security personnel has been changed after every eight hours shift. To keep a watch on the security, three deputy SP ranked officers have been put on duty for eight hours each to monitor the security personnel. Besides, strong room is being monitored with the help of CCTV cameras. According to Commissioner of Police (CP) Mohit Agrawal, the police personnel deployed to monitor the strong room have been instructed to remain alert and keep extra vigila and no one should be allowed to go towards the strong room.

Besides, the police personnel have also been deployed outside to keep a watch on the suspicious persons and check the heavy vehicles.

Apart from this, various parties and candidates have also kept their teams to keep watch on strong rooms.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ...टै० टाइम्स ऑफ इण्डिया, लखनऊ... दिनांक ...03 JUN 2024...

# Ban on cams, mobiles at venue rooms

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The counting venue at Ramabai Ambedkar park in Lucknow has been divided into three cordons.

While the security arrangements of the isolation cordon will be done by a platoon of ITBP, the security arrangements of the inner corner and outer corner will be done by the civil police force, PAC and central paramilitary force.

"Prabal Pratap Singh, deputy commissioner of police, east, has been appointed as the nodal officer and he will also ensure security arrangements of the inner area. Vishwajeet Srivastava, additional deputy commissioner of police, west, along with Amit Kumawat, additional deputy commissioner of police, east, will ensure the security of outer cordon," said JCP (law and order) Upendra Agarwal.

Arms/weapons and inflammable substances will be banned at the counting venue and. No candidate, agent and media personnel would be allowed to carry mobiles, cameras, inflammable substances and other things in the room. Carrying of beverages will be completely prohibited. Drinking water will be provided by district election officer.

समाचार पत्र का नाम दै0 हिन्दुस्तान टाइम्स, लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# Election code slowed down governance in U.P.

Umesh Raghuvanshi
uraghuvanshi@hindustantimes.com

**LUCKNOW :** The Uttar Pradesh government's pace of governance appears to have been affected a bit as it negotiated the Election Commission of India's model code of conduct that came into force soon after the announcement of schedule for 2024 Lok Sabha elections on March 16.

If issuing of government orders (GOs) is taken as the yardstick to measure the speed of work, the pace slowed down to nearly half in the past two-and-a-half-months of the 2024 polls.

The state government issued 2,004 GOs between March 16 and May 31, 2024, against 4,044 GOs issued during the same period in 2023.

The ECI's code of conduct dos and don'ts put a bar on the state government on announcing any new projects, programmes, concessions or financial grants in any forms that can influence voters in favour of the party in power.

The restrictions apply equally to new and ongoing schemes and no new work should start even if work orders have been issued before the model code came into effect.

"Yes, no major policy decisions are taken and no financial sanctions are issued when the ECI's model code of conduct comes into force. So, the government work comes to a halt during the period which is over 2.5 months this year and obviously some way out should be found," said former chief secretary Alok Ranjan.

A flurry of activity was witnessed ahead of the announcement of 2024 Lok Sabha elections.

The state government not only presented its annual budget for 2024-2025 for a record size of Rs 7.36 lakh crore in February 2024, but it also organised groundbreaking ceremony (GBC) from February 19 to 21 to implement investment proposals of over Rs 10 lakh crore.

The state government also expedited the pace of work before the announcement of polls early this year obviously to beat the model code of conduct issuing 3,608 GOs between January 1 and March 15, 2024.

This was the time when the state government was getting ready for 2024 Lok Sabha elections. It had issued 3,431 GOs in the same period in 2023.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै0 हिन्दुस्तान टाइम्स, लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# Lko administration lays down conditions for counting agents

**LUCKNOW:** In a move to ensure a smooth and secure counting process of Lok Sabha elections on June 4, the district administration has announced a few conditions for counting agents.

District magistrate Suryapal Gangwar said, "Individuals suffering from high blood pressure, heart diseases, diabetes, and other chronic ailments will not be permitted to serve as counting agents. This decision aims to prevent health emergencies during the stressful environment of vote counting."

Additionally, a directive has been issued that no elected officials, including pradhans, corporators, Zila panchayat members, mayors, and MLAs, will be allowed to act as counting agents. This measure seeks to maintain impartiality and prevent any potential conflicts of interest during the counting process.

Gangwar said, "No one would be allowed to disrupt the counting process; it would be totally impartial. That's why corporators, gram pradhans, zila panchayat members, mayors, or MLAs would not be allowed to be counting agents."

Besides this the political parties have been instructed to provide valid identification proofs for all their designated counting agents. This requirement is intended to enhance security and verify the credentials of individuals involved in the counting process, thus avoiding any potential disputes or issues on the day of the count.

The DM said that these steps were crucial for ensuring the safety and integrity of the counting process. By excluding individuals with serious health conditions and elected officials, and by verifying the identities of all agents, the administration aimed to create a controlled and transparent environment.

"The district administration is committed to upholding the fairness and smooth operation of the electoral process. Political parties and their supporters are urged to comply with the rules on the counting day, which are designed to safeguard the integrity of the counting process," the DM added.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम [illegible] दिनांक 03 JUN 2024


# 32 seats decided by wafer-thin margins in 2019 to watch out for

Brajendra K Parashar

bkparashar@hindustantimes.com

**LUCKNOW:** As the country is all set for the counting of votes of the Lok Sabha elections on June 4, the outcomes in over 30 of the 80 Parliamentary seats in Uttar Pradesh, where the winning margins were slim (ranging from 0.1% to 10%) and razor-thin in 10 of them in the 2019 polls, are set to be intriguing.

Out of these 32 closely contested seats, the Bharatiya Janata Party (BJP) secured victory in 23 while Apna Dal (S), a BJP ally, won one seat. The Samajwadi Party and the Bahujan Samaj Party that had an alliance in 2019, won two and four seats, respectively, under this slab.

The BJP may be particularly concerned about these seats as it aims to win a maximum number of seats from UP to achieve the national target of 400-plus seats. But political players keep their fingers crossed for June 4, the D-Day when the poll results will finally end all the suspense.

An analysis of the Election Commission's data of the 2019 LS polls reveals that in 2019, there were 10 Parliamentary constituencies (PCs) with wafer-thin winning margin less than equal to 2%.

They were Machhlishahr, Meerut, Muzaffarnagar, Kannauj, Chandauli, Sultanpur, Ballia, Badaun, and Saharanpur.

Out of these, eight were won by the BJP, and two by the BSP. Among the 8 PCs won by the BJP with a slemder margin, the SP was the runner up in four, the BSP in three, and the RLD in one. The SP, the BSP, and the RLD were in an alliance in the election. In both the PCs that the BSP won by a thin margin, the BJP was the runner up.

Additionally, the contest in 6 more PCs was also close as their winning margin was between 2 and 5%. The BJP won all 6 of these seats, with the BSP coming 2nd in three of them, SP in two and RLD in one. They were Baghpat, Firozabad, Basti, Sant Kabir Nagar, Kaushambi and Bhadohi. Kannauj is the only constituency that saw less than 2% winning margin in both 2014 and 2019. The PC was won by SP in 2014, with the BJP in 2nd place, while the BJP managed to come ahead in 2019 pushing SP to 2nd.

Moreover, Kaushambi and Basti saw close contests in both 2014 and 2019 with winning margins between 2 and 5%. In Kaushambi, the battle was between the BJP and the SP in 2014 and 2019, with the BJP coming ahead in both the elections. While in Basti, although the BJP was the winner in both elections, SP was the runner up in 2014 and it was BSP in 2019.

In 2019, the saffron party won the Machhlishahr seat in eastern UP by the lowest margin when its candidate BP Saroj defeated the BSP's Tribhuvan Ram by only 181 votes (0.02% lead margin). In the western region, the party won the Meerut seat by a thin margin of 4,729 votes and Muzaffarnagar by 6,526 votes.

The BJP's Subrat Pathak managed to win the Kannauj seat by defeating SP's Dimple Yadav by a slender margin of 12,353 votes. This time, Pathak faces Akhilesh Yadav in this SP stronghold and the contest may be even tighter than in 2019.

Union minister and BJP candidate Mahendra Nath Pandey struggled to win the Chandauli seat by 13,959 votes in a tough contest with the SP's Sanjay Singh Chauhan. Pandey faces the challenge of making it a hat-trick.

Sultanpur was another fiercely contested seat where Maneka Gandhi scraped through by 14,526 votes. She is trying her luck from the same seat for the second consecutive term.

The BJP had secured victory in Badaun, a traditional stronghold of the SP, by a margin of 18,454 votes, defeating SP's Dharmendra Yadav. This time, the SP has fielded Aditya Yadav, son of Shivpal Yadav, and has made vigorous efforts to regain not only Badaun, but also other SP citadels like Kannauj, Firozabad, and Azamgarh.

Though the SP won Azamgarh in 2019, the party lost it to the BJP in a by-election in 2022 after Akhilesh Yadav vacated the seat to retain the Karhal assembly seat in Mainpuri, which he won in the 2022 Vidhan Sabha polls.

In the last election cycle, the BJP clinched Firozabad by a margin of 28,781 votes, when Shivpal Yadav, who was then estranged from the Yadav clan, contested independently against his nephew Akshya Yadav, garnering over 91,000 votes. He dented the SP's prospects significantly. This time, Shivpal is with the SP and has put in considerable efforts to ensure the victory of the same nephew who lost in 2019, largely due to Shivpal's independent candidacy.

Similarly, the BJP won Basti, Sant Kabir Nagar, Kaushambi, and Bhadohi seats too by low margins of 30,354 votes, 35,749 votes, 38,722 votes and 43,615 votes, respectively.

The BSP in this winning margin category won Shrawasti and Saharanpur by 5,320 votes and 22,417 votes, respectively.

In 2019, another 16 seats in UP were won by a margin ranging from just 5% to 10%. Of these hard-fought seats, the BJP succeeded in winning nine seats - Banda, Amethi, Faizabad, Etawah, Mohanlalganj, Kairana, Sitapur, Barabanki and Misrikh.

BJP's Smriti Irani secured victory in the Amethi seat, defeating Congress' Rahul Gandhi by 55,120 votes. Similarly, despite Faizabad's significance for Hindutva, the BJP's win here was with a margin of only 65,477 votes. The Apna Dal (S), an ally of BJP, clinched the Robertsganj seat with a margin of 54,336 votes.

Other seats won by 5%-10% lead margins were Amroha, Bijnor, Jaunpur and Ambedkar Nagar, all by the BSP while the SP emerged as winner in Moradabad and Mainpuri constituencies. Even though SP founder Mulayam Singh was the candidate himself who was supported by Mayawati's BSP, the SP could save its bastion by just 94,389 votes.

Like the BJP, the SP-Cong alliance also faces an uphill task to maintain its grip on seats won by narrow margins, particularly when the BSP is absent from the coalition this time around.

In west UP, the BJP may benefit from the inclusion of the Rashtriya Lok Dal (RLD) in the NDA, unlike in 2019, when the RLD was part of the SP-BSP alliance. Observing the outcomes of the 32 seats won by a wafer-thin to slim margins in 2019 promises to be intriguing in 2024.

## LEAD MARGIN % WISE IN 2019

| Constituency | Party | Winners' vote % | Lead Margin |
|---|---|---|---|
| Machhlishahr (SC) | BJP | 47.17 | 0.02 |
| Meerut | BJP | 48.17 | 0.39 |
| Shrawasti | BSP | 44.3 | 0.53 |
| Muzaffarnagar | BJP | 49.39 | 0.56 |
| Kannauj | BJP | 49.35 | 1.08 |
| Chandauli | BJP | 47.02 | 1.28 |
| Sultanpur | BJP | 45.88 | 1.45 |
| Ballia | BJP | 47.36 | 1.57 |
| Badaun | BJP | 47.28 | 1.7 |
| Saharanpur | BSP | 41.72 | 1.82 |
| Baghpat | BJP | 50.29 | 2.25 |
| Firozabad | BJP | 46.06 | 2.68 |
| Basti | BJP | 44.65 | 2.88 |
| Sant Kabir Nagar | BJP | 43.95 | 3.36 |
| Kushinagar (SC) | BJP | 39.28 | 3.97 |
| Bhadohi | BJP | 49.45 | 4.2 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै0 जनसत्ता, लखनऊ.................... दिनांक ....03 JUN 2024

पर्यावरण जागरूकता की कवायद | पहल | वर्तमान में महराजगंज जिले का वन क्षेत्र 24 फीसद

# 'ग्रीन बूथ' पर मतदाताओं को भेंट किए गए पौधे

लखनऊ, 2 जून (भाषा)।

भीषण गर्मी के बीच पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश के महराजगंज में जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के तहत शनिवार को मतदान करने के लिए 'ग्रीन बूथ' पर आए 1500 से अधिक मतदाताओं को पौधे वितरित किए।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने महराजगंज जिला प्रशासन की इस पहल के बारे में रविवार को को बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान भीषण गर्मी पड़ रही थी। मतदाताओं के साथ-साथ हमारे मतदान कर्मियों को भी भीषण गर्मी और लू के कारण बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा थी। इसे देखते हुए हमने पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'ग्रीन बूथ' पर मतदाताओं को पौधे वितरित करने का फैसला किया। झा ने कहा कि हमने वन विभाग की मदद से जिले में एक 'ग्रीन पोलिंग बूथ' बनाया, जिसमें विभाग ने जिले में वन क्षेत्र के साथ-साथ सोहगी-बरवा बाघ अभयारण्य के बारे में जानकारी देने वाली सामग्री का प्रदर्शन भी किया। यह 'ग्रीन बूथ' महराजगंज विधानसभा क्षेत्र के सोनारी देवी स्कूल में बनाया गया था।

**सोहगी बरवा वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में स्थित है। यह 428.2 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। सोहगी बरवा वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश में बाघों के प्रमुख केंद्रों में से एक है।**

सोहगी बरवा वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में स्थित है। यह 428.2 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। सोहगी बरवा वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश में बाघों के प्रमुख केंद्रों में से एक है। जिलाधिकारी ने कहा, 'ग्रीन बूथ' के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में हमने उन्हें तुलसी, आम, सहजन और आंवला जैसी स्थानीय किस्मों के पौधे भेंट किए। इन्हें वे अपने घरों में गमलों में लगा सकते हैं। महाराजगंज लोकसभा सीट में फरेंदा, नौतनवा, सिसवा, महराजगंज और पनियरा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। झा ने कहा कि हमने मतदाताओं को 1,500 से अधिक पौधे वितरित किए थे। यह एक नई पहल थी इसलिए हमने ऐसा एक ही बूथ बनाया था। हम आने वाले चुनावों में इस पहल को विस्तार देंगे। यह पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक कदम था। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में महराजगंज जिले का वन क्षेत्र 24 फीसद है।

अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार वर्मा ने कहा, 'ग्रीन पोलिंग बूथ' की अवधारणा इसलिए बनाई गई, ताकि हम मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित कर सकें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० वॉयस ऑफ लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कल होगी मतगणना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना कल रमाबाई रैली स्थल में आयोजित की जाएगी। जिला सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जो सुबह आठ बजे से मतगणना की समाप्ति तक अनवरत चलेगा। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि के कुशल प्रबल प्रताप सिंह पुलिस उपायुक्त पूर्वी को नोडल अधिकारी तथा इनर कान की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु विश्वजीत श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी तथा आउडर कार्न की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु अमित कुमावत अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी को नामित किया गया है।

उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आईटीबीपी के 01 प्लाटून बल द्वारा की जा रही है। लोकसभा 34 मोहनलालगंज व 35 लखनऊ तथा विधानसभा 173 लखनऊ पूर्व के उप निर्वाचन के मतगणना टेबलों एवं कक्ष सं0-10 में पोस्टल बैलेट की काउंटिंग टेबलों व मतगणना हॉल के प्रवेश द्वार पर नागरिक पुलिस बल के अधिकारियों के साथ-साथ रमाबाई मतगणना स्थल के मुख्य-मुख्य प्रवेश द्वारों पर 02 कम्पनी केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की ड्यूटी लगायी गयी है।

मतगणना स्थल तक आने वाले आउटर कार्डन में ड्यूटी हेतु लगे पुलिस कर्मियों एवं प्रत्याशियों के एजेन्टों के वाहनों को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के गेट नं0-01 से प्रवेश कर पार्क कराया जायेगा। तत्पश्चात पार्किंग से बाहर आकर यह लोग पैदल आगे ख्वाजा पुर बैरियर की ओर जायेंगे तथा इनकी चेंकिग का कार्य ख्वाजापुर बैरियर पर लगे पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा किया जायेगा। प्रत्याशियों, मतगणना अभिकताओं व अधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों के वाहनों को ख्वाजापुर बैरियर से आगे जाने दिया जायेगा। आगे जाने पर प्रत्याशियों व मतगणना अभिकताओं के वाहनों को रैनबसेरा में पार्क कराया जायेगा।

इस स्थल से मतगणना में आने वाले समस्त एजेन्टों मतगणना अभिकताओं व अन्य की चेकिंग कराने के उपरान्त मतगणना स्थल की तरफ जाने दिया जायेगा। चेकिंग स्थल के आगे यूनार्नी गेट नं0-04 के पास बनी पार्किंग में अधिकारियों व मीडिया कर्मियों के वाहनों को पार्क कराया जायेगा। लोकसभा 34 मोहनलालगंज के मतगणना अभिकर्ता व ड्यूटीरत अधिकारी एवं प्रत्याशियों के एजेन्ट को गेट नं० ए व बी से चेंकिग के उपरान्त प्रवेश दिया जायेगा तथा विधानसभा 173 लखनऊ पूर्व के उप निर्वाचन की मतगणना के कार्मिकों व एजेन्टों को गेट नं0-01 से चेंकिग के उपरान्त प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त-01, अपर पुलिस उपायुक्त-02, सहायक पुलिस उपायुक्त-11, निरीक्षक-54, उपनिरीक्षक - 339, मुख्य आरक्षी-247, आरक्षी- 897 तथा पर्याप्त महिला पुलिस कर्मी के साथ ही साथ 02 कम्पनी केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल व 01 कम्पनी पीएसी बल की ड्यूटी लगायी गयी है। मतगणना स्थल को 03 भागों में विभक्त किया गया है, आइसोलेशन कार्डन की सुरक्षा व्यवस्था 01 प्लाटून आईटीबीपी द्वारा व इनर कान तथा आउटर कार्टून की सुरक्षा व्यवस्था नागरिक पुलिस बल, पीएसी बल एवं केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल द्वारा की जायेगी। मतगणना स्थल पर शस्त्र व ज्वलनशील पदार्थ पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा तथा मतगणना कक्ष में कोई भी प्रत्याशी, उनके एजेन्ट एवं मीडिया कर्मी को भी मोबाइल फोन, कैमरा, ज्वलनशील पदार्थ एवं

पेय पदार्थ ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था मतगणना कक्ष के बाहर पर्याप्त मात्रा में की गयी है।

**डीसीपी व दो एडीसीपी की निगरानी में रहेगा मतगणना स्थल:** लोकसभा चुनाव और लखनऊ पूर्वी विधानसभा उप चुनाव की चार जून को रमाबाई स्थल पर होने वाली मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। जेसीपी कानून व्यवस्था उपेन्द्र कुमार अग्रवाल के पर्यवेक्षण में डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह नोडल अधिकारी होंगे जबकि इनर कार्डन की सुरक्षा व्यवस्था एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव और आउटर कार्डन की सुरक्षा व्यवस्था एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत के जिम्मे रहेगी। जेसीपी ने कहा कि मतगणना कक्ष में प्रत्याशी, उनके एजेन्ट और मीडियाकर्मी मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। जेसीपी उपेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि स्ट्रांग रूम की व्यवस्था आईटीबीपी की एक प्लाटून कम्पनी कर रही है। मुख्य प्रवेश द्वार पर सीआरपीएफ की दो कम्पनी डयूटी पर मुस्तैद है। मतगणना स्थल तक आने वाले प्रत्याशियों के एजेन्टों के वाहन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के गेट नम्बर एक से प्रवेश कर पार्क होंगे। इसी तरह अधिकारियों, मीडिया व प्रत्याशियों के वाहन ख्वाजापुर बैरियार से आगे तक जा सकेंगे। जेसीपी के मुताबिक मतगणना सकुशल निपटाने के लिये एक डीसीपी, दो एडीसीपी, 11 एसीपी, 54 इंस्पेक्टर, 339 एसआई, 247 हेड कांस्टेबिल, 897 सिपाही और महिला पुलिसकर्मियों के साथ ही दो कम्पनी केन्द्रीय सुरक्षा बल, पीएसी की एक कम्पनी तैनात रहेगी। पूरी सुरक्षा व्यवस्था त्रिस्तरीय रहेगी।

## मतगणना के दौरान बदला रहेगा यातायात

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना चार जून को रमाबाई अंबेडकर मैदान रैली स्थल पर होगी। इस दौरान शहीद पथ, आशियाना, बिजनौर, उतरेठिया से आने वाले वाहनों का डायवर्जन रहेगा। इस दौरान राजनैतिक पार्टियों के वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े होंगे। यह डायवर्जन व्यवस्था चार जून की सुबह से रात तक लागू रहेगा।

**इस तरफ रहेगी रोक:** उतरेठिया शहीद पथ अंडरपास से रमाबाई रैली स्थल की तरफ रांग साइड में किसी भी प्रकार के वाहन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे। निजी वाहन रमाबाई पुलिस चौकी रैली स्थल तिराहे से रैन बसेरा तिराहा या बिजनौर शहीद पथ अंडरपास से होकर नहीं जा सकेंगे। बिजनौर शहीद पथ अंडरपास चौराहे से निजी वाहन सर्विस रोड होकर रमाबाई पुलिस चौकी की तरफ नहीं जा सकेगा। अंबेडकर विश्वविद्यालय अंडरपास से कोई भी वाहन रॉन्ग साइड रमाबाई की तरफ नहीं जा सकेंगे।

**इधर से वाहन जा सकेंगे:** शहीद पथ के ऊपर से होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे। बिजनौर रोड, ओमेक्स सिटी या न्यू गडौरा होकर वाहन अपने गंतव्य को जा सकेंगे। पोलिंग पार्टी के वाहनों के दवाब अधिक होने पर निजी वाहन वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# प्रक्षेक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने एचआरपीजी कालेज का किया निरीक्षण



संतकबीरनगर ( डीएनएन )। प्रक्षेक जनक प्रसाद पाठक व जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने संतकबीर नगर संसदीय निर्वाचन की मतगणना को सकुशल, पारदर्शी एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए हीरालाल पी.ज़ी. कॉलेज में बनाये गये स्ट्रॉग रूम, सहित मतगणना कक्षों, मतगणना के लिए लगाये जा रहे टेबल सहित अन्य सुविधाओं/व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों मेंहदावल, खलीलाबाद व धनघटा की मतगणना के लिए बनाये गये अलग-अलग मतगणना कक्षों में पहुँचकर सुचारू, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष मतगणना के लिए आवश्यक सभी सुविधाओं व्यवस्थाओं एवं संसाधनों का बारिकी से निरीक्षण एवं सम्बंधित ए.आर.ओ. से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल पर मतगणना के लिए मतगणना काउंटर. बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा का संचालन, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कूलर, पंखे आब्जर्वर रूम. मीडिया सेंटर. प्रकाश व्यवस्था आदि की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली गयी। प्रेंक्षक ने कहा कि मतगणना स्थल पर जो भी कार्य अभी अवशेष है उनको तत्काल पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार, ए.आर.ओ., अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी संजीव राय, उप जिलाधिकारी डा. सुनील कुमार, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी, अधिशाषी अभियन्ता आर.के. पाण्डेय, सहायक अभियन्ता पीडब्लूडी विमल कुमार, ई.ओ. खलीलाबाद, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# डीईओ ने मतगणना कार्मिकों को दिए जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण कार्य का किया निरीक्षण

## प्रथम पाली में अनुपस्थित कार्मिकों को द्वितीय पाली में गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेने के दिए निर्देश

**बरेली, 02 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज में मतगणना कार्मिकों को दिये जा रहे द्वितीय प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

जहाँ प्रशिक्षण में उपस्थित कार्मिकों से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा उपस्थित/ अनुपस्थित कार्मिकों की जानकारी ली गई, निर्देश दिए गए जो कार्मिक प्रथम पाली में उपस्थित नहीं हो पाए हैं। वह द्वितीय पाली में उपस्थित रहकर गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें, यह भी निर्देश दिए गए की कोई भी मतगणना



कार्मिक मतगणना स्थल पर खाना, पानी तथा मोबाइल लेकर नहीं जाएंगे, खाने पीने की पर्याप्त व्यवस्था मतगणना स्थल पर कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिकों को गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा किसी भी प्रकार के संशय को दूर करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण मतगणना कार्मिकों को निर्देश दिए की मतगणना हॉल में आप लोगों के खाने, पीने के पानी, ओ.आर.एस की पूर्ण व्यवस्था प्रशासन ने की हुई है।

मतगणना कार्य की पूर्ण जानकारी कर ले, प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का अक्षरशः से अनुपालन किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के समय निर्देश दिये गये कि मतगणना कार्य को सम्पन्न कराने में मतगणना कार्मिकों व अन्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सभी का क्या-क्या दायित्व है उसका प्रशिक्षण अच्छे ढंग से सीख लें और अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतगणना को निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करायें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

## मतगणना के दिन बन्द रहेंगी शराब की दुकानें

चेतना ब्यूरो कार्यालय

कानपुर देहात। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के 4 मई को मतगणना होनी है। जिला निर्वाचन अधिकारी / लाइसेंस प्राधिकारी आलोक सिंह, जिला मजिस्ट्रेट, जनपद कानपुर देहात, ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ग) के खण्ड (एक) में यथाउपबन्धित प्राविधान के अनुसार लोक शान्ति बनाये रखने, स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण मतदान कराये जाने के उपदेश्य से संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा 59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जनपद कानपुर देहात में संचालित समस्त देशी शराब / विदेशी मदिरा / बीयर / मॉडलशॉप व भांग की फुटकर विकी की दुकानों एवं थोक अनुज्ञापन को दिनांक 04.06.2024 को पूर्णतया बन्द रखे जाने एवं शुष्क / मद्यनिषेध दिवस घोषित किया गया है। इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० जनसंदेश टाइम्स लखनऊ.......... दिनांक 03 JUN 2024

## मतगणना स्थल में मीडिया सेंटर होगा स्थापित

लखनऊ। मतगणना स्थल परिसर में मीडिया सेंटर स्थापित किया जा रहा है। सूचना विभाग से 1 अधिकारी मीडिया सेंटर का प्रभारी रहेगा। आर0ओ0 द्वारा नियुक्त अधिकारियों द्वारा समय-समय पर छोटे समूहों में मीडिया बन्धुओं को कुछ समय के लिए मतगणना हाल का भ्रमण भी कराया जायेगा। मतगणना हाल के भीतर भारत निर्वाचन आयोग से जारी मीडिया पास धारक मीडिया कर्मी को ही बिना स्टैण्ड का कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मीडिया बन्धुओं को मीडिया सेंटर पर मोबाइल प्रयोग किये जाने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक मतगणना स्थल पर पब्लिक कम्युनिकेशन कक्ष भी स्थापित किया जा रहा है, जहां पर प्रत्याशी व उनके एजेण्ट आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल फोन का प्रयोग कर सकते हैं तथा उनके फोन सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रत्याशी, उनके अभिकर्ता, मतगणना कार्मिकों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल तथा शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था किये जाने के निर्देश समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किये गये हैं.।मतगणना के परिणाम की घोषणा के उपरान्त प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 05 मतदेय स्थल ड्रा के आधार पर निकाले जायेंगे तथा उन 05 मतदेय स्थल के वीवीपैट स्लिप की गणना की जायेगी। यस

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 0 3 JUN 2024

# मतगणना कर्मियों के लिए 150 लग्जरी वाहनों की जरूरत

लखनऊ ( डीएनएन )। चार जून को लखनऊ के रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना कर्मियों के लिए 150 लग्जरी वाहनों की जरूरत पड़ेगी। वाहनों के धरपकड़ के लिए सोमवार को एआरटीओ के नेतृत्व में अभियान चलाया जाएगा। जिन वाहन मालिकों को नोटिस भेजकर वाहन अधिग्रहण करने की सूचना दी गई है, उन्हें हर हाल में सोमवार को वाहन आरटीओ कार्यालय आकर सौंपना होगा। आरटीओ संदीप कुमार पंकज ने बताया कि जिला निर्वाचन आयोग की ओर से मतगणना कर्मियों को वाहन मुहैया करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में छोटे और बड़े वाहनों को अधिग्रहण करने की नोटिस भेजी गई है। ऐसे में वांहन मालिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर हर हाल में वाहन देना होगा। अधिग्रहित करने वाले वाहन तीन जून को आएंगे और चार जून की रात में खाली हो जाएंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र भारत लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना चार जून को रमाबाई रैली स्थल में सुबह आठ बजे से प्रारम्भ होकर मतगणना की समाप्ति तक अनवरत चलेगा। मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) उपेन्द्र अग्रवाल के कुशल निर्देशन में टीम गठित की गई है। जिसमें डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह को नोडल अधिकारी, इनर कान की सुरक्षा व्यवस्था स्थापित किये जाने के लिए अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी विश्वजीत तथा आउडर कान की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी अमित कुमावत को नामित किया गया है। मतगणना स्थल के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आईटीबीपी के एक प्लाटून बल द्वारा की जा रही है। लोकसभा 34 मोहनलालगंज (अ.जा.) व 35 लखनऊ तथा विधानसभा 173 लखनऊ पूर्व के उपनिर्वाचन के मतगणना टेबलों एवं कक्ष संख्या-10 में पोस्टल बैलेट की कार्उटिंग टेबलों व मतगणना हॉल के प्रवेश द्वार पर नागरिक पुलिस बल के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ-साथ रमाबाई मतगणना स्थल के मुख्य-मुख्य प्रवेश द्वारों पर दो कम्पनी केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की ड्यूटी लगायी गयी है। इसी प्रकार से मतगणना स्थल तक आने वाले आउटर कार्डन में ड्यूटी के लिए लगे पुलिस कर्मियों एवं प्रत्याशियों के एजेन्टों के वाहनों को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के गेट नंबर-एक से प्रवेश कर पार्क कराया जायेगा। तत्पश्चात पार्किंग से बाहर आकर यह लोग पैदल आगे ख्वाजापुर बैरियर की ओर जायेंगे तथा इनकी चेकिंग का कार्य ख्वाजापुर बैरियर पर लगे पुलिस बल / पीएसी बल के अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा किया जायेगा। प्रत्याशियों, मतगणना अभिकताओं व अधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों के वाहनों को ख्वाजापुर बैरियर से आगे जाने दिया जायेगा। आगे जाने पर प्रत्याशियों व मतगणना अभिकताओं के वाहनों को रैनबसेरा में पार्क कराया जायेगा। इस स्थल से मतगणना में आने वाले समस्त एजेन्टों व मतगणना अभिकताओं व अन्य की चेकिंग कराने के उपरान्त मतगणना स्थल की तरफ जाने दिया जायेगा।

# तीन लेयर सुरक्षा में रखी ईवीएम

भास्कर ब्यूरो



**वाराणसी।** मतदान के दौरान जितनी सुरक्षा व्यवस्था रखनी पड़ती है उससे कहीं ज्यादा मतदान के बाद ईवीएम की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। नगर के पहड़िया स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम को ट्रिपल लेयर सिक्योरिटी मे रखा गया है। यहांआठ-आठ घंटे की शिफ्टवार इयूटी लगाई गई है। वहीं सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी कराई जा रही है। ईवीएम की आंतरिक सुरक्षा में सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। दूसरा सुरक्षा घेरा पीएसी और आर्म्ड पुलिस के जवान संभालेंगे। तीसरे और बाहरी सुरक्षा घेरे में 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात है। तीनों सुरक्षा घेरे में तैनात रहने वाले जवानों की आठ-आठ घंटे की इयूटी लगाई गई है। इसके अलावा पुलिसकर्मियों की निगरानी के लिए तीन डिप्टी एसपी की आठ-आठ घंटे की इयूटी लगाई गई हैसाथ ही स्ट्रांग रूम की मानीटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरे से मदद ली जा रही है। कहावत है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता ऐसा हकीकत में नजर आया। वहीं पर्टियों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी स्ट्रांग रूम के बाहर लगातार नजर बनाए हुए हैं । कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि ईवीएम की निगरानी के लिए टीम बना दी गई है। मतगणना होने तक चार-चार घंटे की इयूटी पार्टी के नेताओं की लगाई गई है। जो ईवीएम मूवमेंट की निगरानी करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने कहा कि ईवीएम की निगरानी के लिए पार्टी के लोगों की चार-चार घंटे की इयूटी लगाई गई है। बसपा के जिलाध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि ईवीएम की निगरानी केलिए पार्टी के नेताओं की टीम लगाई गई है। चार-चार घंटे की इयूटी करेंगे। मतगणना होने तक पार्टी के नेता डटे रहेंगे। ये लोग हर आने जाने वाले लोगों पर कड़ी निगाह रखते हुए उनसे पूछ-ताछ भी कर रहे हैं। वहीं पहड़िया मंडी के बाहर से लेकर अंदर तक के रास्ते कैमरे की पूरी निगरानी में हैं। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।समय-समय पर उच्च अधिकारियों की टीम भी मौके पर स्थिति का जायजा लेने पहुंच रही है जिसके चलते इयूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी भी इधर उधर जाने की लापरवाही नहीं कर पा रहे।

**• हर कोण पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी और समय-समय पर उच्च अधिकारियों का दौरा जारी**

मतगणना के लिए तीन जून से बंद होगा नौबस्ता से रास्ता...

# कल अनलॉक होंगी ईवीएम, नेताओं ने पहरेदार लगाए

भास्कर ब्यूरो

कानपुर। लोकसभा चुनाव की हलचल के बीच कानपुर में एक बार फिर प्रशासनिक व पुलिस अफसरों की कवायद तेज हो गयी है। लोकसभा चुनाव में ताल ठोंकने वाले प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4 जून को ईवीएम से बाहर आने आएगा। शहर की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मतगणना तक की तैयारियों में जुटे प्रशासन ने चौकसी को चुस्त-दुरुस्त कर दिया है। नौबस्ता-घाटमपुर रोड पर 3 जून की रात 12 बजे से 4 जून की रात 10 बजे तक वाहनों का डायवर्जन लागू रहेगा। उधर, मतगणना की तारीख करीब आते ही ईवीएम की निगरानी में जुटे नेताओं ने गल्ला मंडी के आसपास अपने पहरेदार भी तैनात कर दिए हैं। विपक्षियों को आशंका है कि चुनाव जीतने के लिए मौजूदा सरकार कोई भी हथकंडा अपना सकती है।

- **मतों की गिनती की तैयारियों में जुटे अफसर, मोबाइल पर पाबंदी**

पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, एडीशनल सीपी हरीश चंदर, डीसीपी-ट्रैफिक आरती सिंह समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों की मतगणना को लेकर समीक्षा बैठक में मतगणना के दौरान रूट डायवर्जन, प्रत्याशियों की सुरक्षा व्यवस्था व समर्थकों को कंट्रोल करने को लेकर मंथन हुआ। लोकसभा चुनाव में 13 मई को कानपुर में वोटिंग हुई थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में ईवीएम को गल्ला मंडी पहुंचा दिया गया था, जहां तीन चक्रों में पुलिस व सुरक्षा बल ईवीएम की सुरक्षा कर रहे हैं। चार को मतगणना होनी है। इस दौरान अफसरों ने रूट डायवर्जन प्लान भी जारी कर दिया। चार जून को हमीरपुर हाईवे (सागर




हाईवे) पर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। इससे कि मतगणना में शामिल होने वाले कर्मचारी, प्रत्याशी और उनके समर्थकों को गल्लामंडी तक जाने में समस्या नहीं हो और मतगणना का काम सुचारु रूप से किया जा सके। डीसीपी ट्रैफिक ने इस संबंध में अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही बताया है कि नौबस्ता घाटमपुर रोड पर 3 जून की रात 12 बजे से 4 जून की रात 10 बजे तक वाहनों का डायवर्जन लागू रहेगा। मतगणना अधिकारी, आपरेटर और अन्य कर्मचारियों के वाहनों के लिए नवीन गल्ला मंडी गेट नंबर एक से अंदर जाकर एसबीआई से सीधे सड़क व दाहिने मुड़कर रोड़ के दोनों तरफ पार्किंग व्यवस्था की गई है। डीसीपी-ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि मतगणना को देखते हुए कानपुर के नौबस्ता से घाटमपुर तक हमीरपुर हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। सचेंडी, मूसानगर-भोगनीपुर होते हुए घाटमपुर की तरफ से जाएंगे। घाटमपुर से कानपुर की तरफ आने वाले भारी वाहन, मध्यम मालवाहक वाहन नौबस्ता की तरफ नहीं जा सकेंगे। लखनऊ से हमीरपुर को जाने वाले सभी कामर्शियल भारी, मध्यम मालवाहक वाहन नौबस्ता से आगे नहीं जा सकेंगे। ये वाहन नौबस्ता से वाहन चौड़गरा-मूसानगर-भोगनीपुर होते हुए गन्तव्य को जाएंगे।हल्के वाहन नौबस्ता बंबा वैष्णवी हॉस्पिटल से बाएं मुड़कर आवास विकास होते हुए समाधि पुलिया होते हुए जा सकेंगे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 03 JUN 2024

# जिनिअ ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**अंबेडकरनगर, 02 जून (तरूणमित्र)।** मतगणना प्रेक्षक श्रीमती नीलिमा धायगुडे तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मतगणना 04 जून 2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मतगणना स्थल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ,मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, विधानसभा आलापुर, जलालपुर के सहायक रिटर्निंग आफिसर मौके पर उपस्थित रहे।

अवगत कराना है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व में भी प्रत्येक विधानसभा के मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुविधाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक फ्लोर पर एक अस्थाई अस्पताल स्थापित किया जाए साथ ही साथ हर विधानसभा के मतगणना स्थल पर .चिकित्सक नियुक्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि मतगणना के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए, साथ ही साथ प्रत्येक विधानसभा वार अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर विद्युत संबंधित समस्त व्यवस्थाएं को सुनिश्चित किया जाए।जिससे सुचारू रूप से मतगणना संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पीने के पानी ,छाया सहित अन्य आवश्यक आवश्यकताओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मीडिया गैलरी का भी निरीक्षण किया गया और वहां की व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।गर्मी को देखते हुए सभी स्थानों पर कूलर , फैन लगाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि भीड़भाड़ वाले स्थान पर मिस्ट फैन( हवा के साथ पानी फेकना) छत एवं दीवारों पर पानी डालने की व्यवस्था की जाए तथा गर्मी से बचाव हेतु ठंडा पानी और ओआरएस घोल की व्यवस्था की जाए।